राष्ट्रीय हिन्दी मेल 27वाँ वर्ष
पांच संस्करणों में एक साथ प्रकाशित

इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

न दबाव, न भेदभाव



रायपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-27 अंक- 130 | www rashtriyahindimail.in | रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य पांच रुपये



3 नवा रायपुर में होगा 30 से डीजीपी और आईजीपी का तीन दिवसीय...
4 दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व...
6 एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-कुलपति को चड्डी...


### जनसुविधा की दिशा में बड़ा सुधार, पंजीयन विभाग ने खत्म की ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता

# साय का नवाचार, रजिस्ट्री प्रक्रिया होगी अब त्वरित, सरल और पारदर्शी...

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल और वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओ.पी.चौधरी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पंजीयन विभाग ने एक महत्वपूर्ण जनहितैषी निर्णय लेते हुए कृषि भूमि की खरीदी-बिक्री (रजिस्ट्री) के लिए ऋण पुस्तिका (किसान किताब) प्रस्तुत करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। यह निर्णय किसानों और आम नागरिकों दोनों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। अब रजिस्ट्री की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होगी। यह निर्णय दिवाली पर प्रदेशवासियों के लिए शासन की ओर से एक बड़ी सौगात है।

किसानों और नागरिकों को रजिस्ट्री से जुड़ी जटिलताओं से राहत दिलाने हेतु राज्य शासन ने ऑटो म्यूटेशन प्रणाली में सुधार करते हुए ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त कर दी है, जिससे पूरी प्रक्रिया अब और अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित हो गई है। इस निर्णय से अब नागरिकों को अनावश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की बाध्यता से मुक्ति मिलेगी। रजिस्ट्री प्रक्रिया में समय और धन दोनों की उल्लेखनीय बचत होगी तथा दफ्तरों, पटवारी और तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इससे न केवल भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर पूर्ण विराम लगेगा, बल्कि पंजीयन प्रणाली और अधिक पारदर्शी, त्वरित तथा जवाबदेह बनेगी, जो सुशासन और नागरिक सुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम है।



#### तकनीकी समन्वय और समाधान

राजस्व विभाग के ऑनलाइन रिकॉर्ड अब पंजीयन सॉफ्टवेयर से पूर्ण रूप से एकीकृत हो चुके हैं। अब रजिस्ट्री के लिए आवश्यक सभी डेटा, दस्तावेज और सत्यापन जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध रहती है। राज्य शासन ने पंजीयन प्रक्रिया को 100 प्रतिशत डिजिटल सत्यापन प्रणाली में परिवर्तित कर दिया है, जिससे किसी भी स्तर पर मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रहेगी।

#### सुशासन, सरलता और विश्वास का बड़ा कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सरल शासन-शासन की दिशा में लगातार नवाचार कर रही है। पंजीयन विभाग की यह पहल उसी श्रृंखला का हिस्सा है। ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करना न केवल प्रक्रिया को सरल बनाता है, बल्कि यह प्रशासनिक जवाबदेही और जनविश्वास को भी सशक्त बनाता है। राज्य सरकार ने इसके माध्यम से दर्शाया है कि अपने नागरिकों के जीवन और उत्सवों में सहभागी एक आत्मीय परिवार है।

#### पंजीयन प्रक्रिया आधुनिक, पारदर्शी और त्वरित सेवा के अधीनः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ प्रदान करना है। कृषि भूमि की रजिस्ट्री के लिए ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह निर्णय किसानों और आम नागरिकों दोनों के लिए



राहतकारी सिद्ध होगा तथा पंजीयन प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल, भ्रष्टाचार-मुक्त और जवाबदेह बनाएगा।

#### प्रशासनिक प्रक्रियाएं बनी और सरल बनाने पर जोर : वित्तमंत्री चौधरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की प्राथमिकता जनता के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाना है। कृषि भूमि की रजिस्ट्री में ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक सुधार है। राज्य सरकार ने तकनीकी एकीकरण और



डिजिटल सत्यापन के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया से भ्रष्टाचार की संभावनाएँ समाप्त होंगी।

## ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता खत्म होने से किसान असुरक्षित



**रायपुर ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने कृषि भूमि की रजिस्ट्री के समय ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त कर दिया। सरकार का यह कदम अदूरदर्शी है। ऋण पुस्तिका एक मात्र ऐसा दस्तावेज है जो राजस्व विभाग की तरफ से भू-स्वामी के अधिकार को प्रमाणित करता है। बी-1 खसरा खतौनी सभी कुछ तो ऑनलाइन है कोई भी, कही से भी निकाल सकता है। ऋण पुस्तिका को किसान के लिए पटवारी बना कर देता है जो किसान, भू-स्वामी संभाल कर रखता है, यह उसके भूमि का प्रमाणित दस्तावेज होता है जिसमें उसकी फोटो भी लगती है।

बिक्री के समय रजिस्ट्रार द्वारा किसान के ऋण पुस्तिका अनिवार्य रूप से परीक्षण किया जाता था। सरकार के द्वारा ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करने से फर्जी रजिस्ट्री और धोखा होने की संभावना बढ़ जाएगी। यह निर्णय जमीन खरीदने बेचने वालों के खिलाफ है। सरकार नई ऋण पुस्तिका की छपवाई नहीं कर पा रही तो इसकी उपयोगिता ही समाप्त करने आदेश जारी कर दिया।

## पीएम मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं, की स्वदेशी अपनाने की अपील



**नई दिल्ली।** पूरे देश में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समस्त देशवासियों धनतेरस, चतुर्दशी, लक्ष्मीपूजन, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

इसके साथ ही, उन्होंने देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों से लोकल फार वोकल की याद दिलाते हुए सभी से स्वदेशी सामान खरीदने अपील भी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि- देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें।

### राजनेताओं ने स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर दिया जोर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना करता हूं। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी अपने राज्य के नागरिकों की सुख, समृद्धता और आरोग्यमय जीवन, धन्य-धान्यता को लेकर कामना किया है। इस दौरान, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही देश एवं प्रदेश के सभी पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने सभी के लिए आरोग्य की कामना के पावन पर्व धनतेरस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिए एवं यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशहाली लाए, यही मां लक्ष्मी से प्रार्थना किए।

### खास खबर

#### सांसदों के लिए बने अपार्टमेंट में आग लगी, जनहानि नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बीडी रोड पर मौजूद सांसदों के लिए बने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई। यहां पर कई राज्यसभा सांसदों और उनके स्टाफ के घर (फ्लैट) हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि फायर बिग्रेड को तुरंत ही आग लगने की जानकारी दी गई थी, इसके बावजूद टीम ने आने में देरी की। आग लगने से हड़कम्प मच गया।

#### पूर्व सीएम बघेल को भेजा निगम ने सम्पत्ति कर पटाने की नोटिस?

**रायपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल अकाउंट पर नगर निगम द्वारा उन्हें प्रेषित एक बिल साझा किया है, जिसमें उन्हें उनके सरकारी भवन का संपत्ति कर जमा करने नोटिस जारी करते हुए टैक्स भरने कहा गया है। अपने सोशल साईट पर लिखा है कि- मैं, मुख्यमंत्री साय को 7,258 रुपये अदा करने का वचन देता हूं। शासकीय आवास में संपत्ति कर नहीं लगता है।

## भूपेश ने नक्सल समर्पण पर की सरकार की प्रशंसा, साव ने पूछा क्या यह निजी राय

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने पर सरकार की जमकर तारीफ की है। जिस पर उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने व्यंग्य कसते हुए पूछा है कि यह पार्टी का स्टैंड है, या उनका निजी मत? अरूण साव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर में नक्सलियों का ऐतिहासिक आत्मसमर्पण हुआ है, जिसकी प्रशंसा करें बिना कोई रह भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार की जो प्रशंसा की है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद, लेकिन उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि यह उनका निजी मत है या पार्टी स्टैण्ड क्योंकि उनके प्रदेश अध्यक्ष कुछ और कह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2018 तक नक्सलवाद थोड़े से हिस्से में सिमटा हुआ था, लेकिन कांग्रेस कार्यकाल में यह तेजी से बढ़ा, अब अबूझमाड़ जैसे इलाकों से भी नक्सलवाद लगभग खत्म होने जा रहा है, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प और गृहमंत्री अमित शाह के प्रयास से प्रदेश को शीघ्र ही नक्सलवाद से मुक्त करा लिया जाएगा। उन्होंने दीपावली पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए राज्योत्सव की तैयारियों पर कहा कि अरुण साव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के साथ बैठक है, जिसमें राज्योत्सव की विस्तृत रूपरेखा और कार्ययोजना तय की जाएगी। इस बार स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा।



### बीएमओ को रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर यानी बीएमओ राजेंद्र कुमार पटेल को आज रंगे हाथों रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार उमेश कुमार चंद्रा, जो बीएमओ कार्यालय डभरा में बाबू के पद पर पदस्थ हैं, उन्होंने एसीबी को बताया था कि उनके 81 हजार रुपए के यात्रा भत्ते का भुगतान हो चुका है, लेकिन इसके बदले बीएमओ ने 32,500 रुपए रिश्वत की मांग की। पहले ही 16,500 रुपए लिए थे और बाकी के 16 हजार की मांग भी कर रहा था।

### पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य को एक और झटका, कोर्ट ने की याचिका खारिज

**रायपुर ।** पूर्व सीएम के बेटे भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल को एक और झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और अपनी गिरफ्तारी को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था, परन्तु हाईकोर्ट ने चल रहे जांच को इंगित करते हुए सिंगल बेंच ने इसे खारिज कर दिया है, वहीं शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि, जांच और गिरफ्तारी पर हस्तक्षेप करने का कोई उचित आधार नहीं है। कोर्ट ने माना कि ईडी की कार्रवाई कानून के तहत की गई है। इसलिए इसमें न्यायालय को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। दरअसल, चैतन्य बघेल ने ईडी की ओर से की गई जांच, गिरफ्तारी को नियम विरुद्ध और असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने की मांग की थी।

### आगामी वर्ष की नई शराब नीति को लेकर हुई तीन दिवसीय बैठक

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत आबकारी सचिव सह-आयुक्त आर. संगीता ने लाइसेंसधारकों और उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ 13 से 15 अक्टूबर तक तीन दिवसीय एक बैठक ली, जिसमें नई शराब नीति को लेकर चर्चा की गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित नई शराब नीति को अधिक पारदर्शी और व्यवहारिक बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। बैठक में शराब नीति को तराशने से पहले लोगों के सुझाव के साथ शराब कारोबारियों से भी नीति निर्धारण पर सवाल-जवाब किया गया। 13 अक्टूबर को प्रदेश के अंदर काम कर रही आसवनी और बॉटलिंग इकाइयों के संचालकों से और आयात-निर्यात शुल्क, बॉटलिंग फीस, लाइसेंस फीस इत्यादि पर चर्चा हुई।

## जगदलपुर के बाद अब गरियाबंद में हथियार डालेंगे नक्सली, की घोषणा

### उदंती एरिया कमेटी के नक्सल लीडर सुनील बोला-अभी हमारे पास मौका

**जगदलपुर/गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 210 नक्सलियों के सरेंडर के बाद अब गरियाबंद में भी नक्सलियों ने हथियार डालने की घोषणा की है। उदंती एरिया कमेटी के नक्सली लीडर सुनील ने पर्चा जारी कर इसकी जानकारी दी है। साथ ही अपने साथियों से भी हथियार डालने की अपील की है। नक्सल लीडर सुनील ने पर्चा में लिखा कि आज की परिस्थितियों के अनुसार हथियार के साथ लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती। इसलिए हथियार छोड़ रहे हैं। पहले सोनू दादा ने 60 साथियों के साथ महाराष्ट्र में सरेंडर किया। फिर लीडर रूपेश ने 210 साथियों के साथ हथियार छोड़ा। सुनील ने लिखा सशस्त्र आंदोलन को विराम दिया है। इन सभी ने सरकार को अपने हथियारों को सौंप दिया है। हथियार बंद संघर्ष को विराम देने के लिए सोनू ने बुकलेट जारी किया है। जिसमें लिखा है कि आज की परिस्थितियों में सशस्त्र आंदोलन चलाना मुश्किल है। अभी हमारे पास मौका है। पहले हमें बचना है, उसके बाद संघर्ष आगे बढ़ाना है।

#### फोर्स का दबाव ज्यादा बढ़ा

नक्सल लीडर सुनील ने पर्चे में आगे लिखा है कि फोर्स का दबाव ज्यादा बढ़ गया है। जिस तरह से क्रांति को चला सकते थे, उस तरह से क्रांति को नहीं चला पाए। सेंट्रल कमेटी सही समय पर निर्णय नहीं ले सकी।सभी साथी हथियार बंद को विराम देकर जनांदोलनों के साथ रहकर जनता की समस्याओं को हल करने का प्रयास करेंगे।

#### गरियाबंद में सशस्त्र आंदोलन को विराम

सुनील ने पर्चे में लिखा कि हमारी उदंती टीम गरियाबंद में सशस्त्र आंदोलन को विराम करने जा रही है। सभी यूनिट के साथी इस सशस्त्र आंदोलन को विराम देने के लिए आएं हैं। अभी हमारे पास मौका है। पहले हमें बचना है, उसके बाद संघर्ष आगे बढ़ाना है। सभी यूनिट गोबरा, सीनापाली, एसडीके, सीतानदी से अपील की है कि सोचकर सही फैसला लें। ऐसा न हो कि कहीं देर हो जाए। पहले भी हम अपने कई साथियों को खो चुके हैं। पत्र में मोबाइल नंबर जारी कर 20 अक्टूबर को सभी को एकत्रित होने की अपील की है।

#### एसपी ने की सरेंडर करने की अपील

वहीं गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि, मैंने पहले भी कई बार सरेंडर करने कहा था, जिसका असर दिख रहा है। बचे नक्सलियों से भी हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने की अपील की है। मुझसे भी किसी नक्सली को संपर्क करना हो तो कर सकते हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी होगी।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एलसीए, एमके-1 ए, एचटीटी-40 लड़ाकू विमान का किया उद्घाटन, एयर फोर्स के चीफ भी रहे मौजूद

# आसमान को चीरते हुए उड़ान भरी नए तकनीक की तेजस लड़ाकू विमान

**नासिक।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एलसीए, एमके-1ए, एचटीटी-40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन लड़ाकू विमान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ पहली बार तेजस एमके-वी ने आसमान को चीरते हुए उड़ान भरी।

एमके1ए, तेजस का उन्नत संस्करण है, जिसमें बेहतर लड़ाकू एवियोनिक्स और हवा से हवा में ईंधन भरने की क्षमता सहित कई महत्वपूर्ण सुधार शामिल हैं। यह विमान 4.5 पीढ़ी का बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है, जो वायु रक्षा, जमीनी हमले और समुद्री हमले के अभियानों में सक्षम है। इसमें 64 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसकी उन्नत एवियोनिक्स, एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और हवा से हवा में ईंधन भरने की क्षमता इसे एक अचूक हथियार बनाती है। तीसरी उत्पादन लाइन से एचएएल का वार्षिक उत्पादन 16 से बढ़कर 24 जेट हो जाएगा, जिससे भारतीय वायुसेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपूर्ति में तेजी आएगी। तेजस लड़ाकू विमानों का उत्पादन बेंगलुरु में पहले से मौजूद दो नए संयंत्रों में हो रहा है, जहां सालाना 16 विमान बनते हैं। नासिक लाइन तीसरी उत्पादन इकाई है। इस संयंत्र की स्थापना 150 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से की गई है, जिससे सालाना 8 और विमान जुड़ जाएंगे, जिससे एचएएल की उत्पादन क्षमता बढ़कर 24 विमान प्रति साल हो जाएगी। तेजस एमके1ए पुराने विमानों की जगह लेकर स्क्वाड्रन संख्या को मजबूत करने में मदद करेगा और भारतीय वायु सेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा।




## भगत ने विधायक टोप्पो को कहा बंदर.. भाजपा नेता ने बताया सेवक

**सरगुजा ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता अमरजीत भगत अपने बयानों को लेकर अक्सर मीडिया में सुर्खियां बटोरते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने सीतापुर के भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो को अपने संबोधन में बंदर कह दिया। दरअसल वे भाजपा विधायक टोप्पो पर क्षेत्र के विकास कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत कांग्रेस के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में मैनपाट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सीतापुर विधायक तंज कसते हुए कहा, रामकुमार टोप्पो विधायक नहीं बंदर है। कभी नान चाकू चलाता है तो कभी पुलिया के ऊपर से कूदता है। बदर जैसा कूदने से कुछ नहीं होता, समस्या सुनिए और हल कीजिए। टोप्पो गलती से जीत गया है, उसको राजनीति नहीं आता है। जिसके प्रतिउत्तर में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि मैं युवाओं को आत्मरक्षा के लिए नान चाकू चलाना सिखाता हूं, कभी नदी में डूबते लोगों को भी बचाया है, क्योंकि मैं जनता का सेवक हूं।



# महिला पंथी को स्थापित करने में स्व. अमृता का योगदान अतुलनीयः कोर्सेवाड़ा



**भिलाई।** पुरखा के सुरता जन कल्याण समिति की ओर से 70 के दशक की ख्याति प्राप्त महिला पंथी कलाकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता सम्मान प्राप्त अमृता बारले की द्वितीय पुण्यतिथि पर राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह ग्राम मोरिद भिलाई तीन में आयोजित किया गया।

दौरान अतिथियों ने पंथी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को मुखरता प्रदान करने वाली स्व. अमृता बारले के योगदान का स्मरण किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा और विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित तमाम अतिथियों ने शुरुआत में गुरु बाबा घासीदास की आराधना के बाद स्व. अमृता बारले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। अतिथियों का स्वागत करते हुए संयोजक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि उनकी बहन स्व. अमृता बारले ने विपरीत परिस्थितियों में महिला पंथी की शुरुआत की और जीवन भर पंथी के प्रति समर्पित रही।

अहिवारा विधायक राजमहंत डोमलाल कोर्सेवाड़ा ने स्व. अमृता बारले के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि सतनामी समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला पंथी को स्थापित करने में उनका योगदान हमेशा रेखांकित होता रहेगा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्व. अमृता बारले छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण की मिसाल थीं और महिला पंथी कलाकार के तौर पर हमेशा याद की जाती रहेंगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत प्रदेश के ख्याति प्राप्त हरिकीर्तन कर पंडित कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर, छुरा गरियाबंद के हरिकीर्तन से हुई।

इसके उपरांत महिला पंथी दल माता सफुरा महिला पंथी दल नेवई का पंथी नृत्य, लक्ष्मीकांत जडेजा भटगांव जिला मुंगेली, मांदरी नृत्य गढ़िया बाबा आदिवासी मांदरी नृत्य सरईटोला नगरी , भरथरी हिमानी वासनिक राजनादगांव , महिला पंथी सत्संग महिला पंथी नृत्य दल खुर्सीपार भिलाई, भरथरी कल्याणी बारले आशीष नगर रिसाली सुवा नृत्य सुवा सखी सहेली नेवई , गेड़ी नृत्य,आदिवासी गेड़ीनृत्य गुन्ड़पारा सिहावा, जोगांश चेलक, सतानंद बंजारे व शैलेन्द्र धृतलहरे द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# इस्पात भवन के समक्ष रोड डिवाइडर को मिला नया स्वरूप



**भिलाई।** इस्पात भवन के समक्ष स्थित रोड डिवाइडर का उन्नयन कर उसे सुंदर एवं आकर्षक रूप प्रदान किया गया।

नगर सेवाएं विभाग की इस पहल का उद्देश्य इस्पात भवन परिसर के समक्ष सौंदर्यीकरण और पर्यावरणीय समृद्धि को बढ़ावा देना है।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर इसका उद्घाटन किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस रोड डिवाइडर में फव्वारें व पीएम ट्रॉफी तथा छत्तीसगढ़ की आदिवासी लोककला का चित्रण किया गया है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ए. बी. निवास, महाप्रबंधक जे. एन. ठाकुर, महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक सौमिक डे, महाप्रबंधक राजीव कुमार, महाप्रबंधक विष्णु पाठक तथा महाप्रबंधक डॉ. नवीन कुमार जैन सहित उप महाप्रबंधक आर. गर्ग, उप महाप्रबंधक डी. सी. सिंह, उप महाप्रबंधक रवि कुमार फुले, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, विवेक गुप्ता, उप प्रबंधक संजीव सरस्वत सहित नगर सेवाएं विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीड़ी के लिए कर दिया कत्ल...

### पत्थर से मारकर की बेरहमी से की हत्या, मर्डर करने वाला आरोपी निकला नाबालिग




**दुर्ग।** दुर्ग जिले में 9 दिन पहले हुई युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिसने पत्थर से मारकर हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया था। हत्या के पीछे की जो वजह सामने आई है, वह चौंकाने वाली है।

दरअसल, इंदिरा मार्केट सब्जी मंडी के पास 9 अक्टूबर की सुबह एक युवक की लाश खून से लथपथ मिली थी। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दुर्ग कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतक के भाई की शिकायत पर जांच शुरु कर दी थी। तभी पुलिस ने सीसीटीवी खंगालते हुए नाबालिग आरोपी को धर दबोचा। आरोपी ने हत्या के पीछे की जो वजह बताई है वह बड़ा ही चौंकाने वाला है। नाबालिग आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह 8 अक्टूबर की रात बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहा था, तभी उसने मृतक नरेश ठाकुर से बीड़ी मांगी थी, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और उसने गुस्से में आकर उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 28 अक्टूबर को होगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन



**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद के तत्वाधान में 28 अक्टूबर 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें 02 नियोजकों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई दुर्ग के अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है। सिक्यूरिटी गार्ड केवल पुरूष के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट पास एवं 02 वर्ष का अनुभव निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी पास निर्धारित की गई है।

इसी तरह नियोजक इन्फोटेक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स एक्सीक्यूटिव के 200 पद की पूर्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, टीम मैनेजर के 25 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्राम पंचायत प्रोजेक्ट एडवाईजर के 200 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन कार्य जारी

### कलेक्टर के निर्देशानुसार बालोद जिले में शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है मुस्तैदी से कार्य

### राजस्व अधिकारियों ने सहकारी समितियों में पहुँचकर कार्यों का किया अवलोकन




**बालोद।** बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा सभी कृषकों का पात्रतानुसार शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है।

जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे।

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत-प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में 15 अक्टूबर से आयोजित शिविरों में राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से पहुँचकर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करा रहे हैं।

इसके अंतर्गत आज 17 अक्टूबर को विशेष शिविर के तीसरे दिन जिले के एसडीएम तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, आरआई, पटवारियों के साथ-साथ सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का अवलोकन किया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत




**दुर्ग।** भिलाई में धनतेरस की पहली रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, एक युवक की मौत हो गई है। खुर्सीपार में रायपुर रोड पर ये हादसा हुआ है।

रायपुर की ओर दो दोस्त बाइक से जा रहे थे, ट्रक से जोरदार टक्कर हुई, कैंप-1 भिलाई निवासी संदीप की मौके पर ही मौत हो गई।

संदीप अपनी बीमार बहन से मिलने रायपुर मेकाहारा अस्पताल जा रहा था, ट्रक की चपेट में आने से बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है, खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# मिशन वात्सल्य अंतर्गत रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन 24 अक्टूबर को



**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय पंचायत संसाधन केन्द्र पाकुरभाठ में आयोजित की गई है। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने को कहा है।

# जिला अस्पताल की व्यवस्था पर नाराज हुए कलेक्टर

### अनुपस्थित डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी; व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेंद्र यादव ने बसंतपुर स्थित शासकीय जिला अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की कमी और ड्यूटी से अनुपस्थित डॉक्टरों पर नाराजगी जताई।

कलेक्टर ने अनुपस्थित डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी, दवाई वितरण शाखा, फार्मेसी, शिशु वार्ड और पेइंग वार्ड सहित अलग-अलग विभागों का जायजा लिया।

उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रहे इलाज और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में समुचित इलाज व्यवस्था और निरंतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कलेक्टर ने बसंतपुर स्थित 100 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया। सुरक्षा वार्ड में साफ-सफाई की कमी देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और वहां भी उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पोस्ट नेटल कक्ष का अवलोकन किया और परिजनों से मिलकर सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की।

उन्होंने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

# आदर्श ग्राम सुरगी में 25 को मंडई मेला होगा

**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री के आदर्श ग्राम सुरगी में 25 अक्टूबर को मंडई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में दिनभर विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रिकालीन समय में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी राधा कृष्ण नाच पार्टी' ग्राम दुर्रे बंजारी का विशेष प्रदर्शन रखा गया है। ग्रामीण जनों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# एचआईवी से बचने अभियान चलाकर किया जागरूक



**दुर्ग।** ग्रामीण अंचलों में एचआईवी-एड्स के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में जिलेभर में व्यापक अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. मनोज दानी के निर्देशन में सफलतापूर्वक हुआ। इस अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का नया अध्याय जोड़ा है, जिससे समाज में एचआईवी-एड्स को लेकर मिथक और भय दूर करने में मदद मिलेगी। लोककला समिति अध्यक्ष राजेंद्र साहू के सहयोग से दुर्ग जिले के तीन विकासखंडों में कुल 50 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर एचआईवी संक्रमण के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी प्राप्त की।

# लव मैरिज के बाद खूनी खेल, दुल्हन के भाई की हत्या, प्रेमी पर आरोप, मामला कोतवाली थाना डिबरापारा का

### दुर्ग में लव मैरिज के बाद दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हुआ.जिसमें दुल्हन के भाई की हत्या हो गई.




**दुर्ग।** दुर्ग शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डिबरापारा में लव मैरिज के बाद हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया.यहां वार्ड क्रमांक 39 में दो पक्ष शादी के बाद आपस में भिड़ गए.जिसमें एक युवक की हत्या हो गई. हत्या के बाद पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लिया है.लेकिन इस मर्डर से दो परिवारों में अब गम का माहौल है.

प्रेमी ने शादी के बाद पत्नी के भाई को मारा -पुलिस के मुताबिक वॉर्ड में रहने वाले दो प्रेमियों ने मंदिर में शादी कर ली. शादी के बाद लड़की और लड़के पक्ष के बीच तनाव बढ़ गया. शादी को अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के पक्ष के साथ मारपीट की.मारपीट के बाद गुस्साए लड़के पक्ष के लोगों ने शुक्रवार रात को लड़की के भाई नीरज ठाकुर को घेर लिया. इस दौरान लड़की के पति ने और उसके दोस्तों ने नीरज पर चाकू से जानलेवा हमला किया. जिसमें उसे गंभीर चोट आई. वार इतना घातक था कि मौके पर ही नीरज ने दम तोड़ दिया.

नीरज की मौत के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई. आरोपी हत्या के बाद मौके से फरार हो गए.वहीं जब पुलिस को सूचना मिली तो उसने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.वहीं मृतक के परिजनों ने बेटी के प्रेमी पर ही हत्या का आरोप लगाया है.जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

डिबरापारा में प्रेम विवाह के बाद दो पक्षों में विवाद हुआ. जिसमें जिला अस्पताल में गार्ड का काम करने वाले नीरज ठाकुर को गंभीर चोटें आईं. जिसे अस्पताल में जब लाया गया तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश कर रही है- भारती मरकाम,डीएसपी।

हत्या के बाद नीरज की पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.गुस्साए परिजनों ने रातभर कोतवाली थाने का घेराव कर हंगामा किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की.

# नवा रायपुर में होगा 30 से डीजीपी और आईजीपी का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

### पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह भी होंगे शामिल, ष्टर विकासशील ने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के दिए निर्देश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक तीन दिवसीय डी.जी.पी. और आई.जी.पी. का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के गृह सचिव, डीजीपी और पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.पी.) शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन आईआईएम, नवा रायपुर में किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय (महादनी भवन) में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सम्मेलन की सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों की तत्काल नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव ने सम्मेलन स्थल पर आने वाले डेलीगेट्स के आवागमन, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं आवास व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने रायपुर के सर्किट हाउस, प्रशासन अकादमी और अन्य स्थानों पर अतिथियों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख पुलिस अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, एनआरडीए, संस्कृति विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श समिति की हुई बैठक

### पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की अध्यक्षता में आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्श समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय रिज़र्व बैंक से नवीन कुमार तिवारी, नाबार्ड से पंकज येवले, अग्रणी जिला प्रबंधक मोहम्मद मोफीज, जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक एवं शासन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, इंटरप्राईजेस फाइनेंस, पीएमईजीपी , प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्वनिधि, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमएवाय, अटल पेंशन योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ सिंह ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाएं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी बैंकों को उनके प्राथमिकता क्षेत्र के सभी ऋण, एवं कमजोर क्षेत्र के ऋण को न्यूनतम मानक स्तर पर लाने हेतु निर्देशित किया.

बैठक में बैंकों द्वारा ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन, एनपीए की स्थिति तथा हाल ही में आयोजित विशेष क्रेडिट कैम्पों की समीक्षा भी की गई।

कलेक्टर ने जिला प्रशासन एवं बैंक समन्वय के माध्यम से अधिकतम पात्र लाभार्थियों तक वित्तीय सेवाएं पहुँचाने के निर्देश दिए।

# नगर निगम जन प्रतिनिधियों ने समस्त नगरवासियों को दीपावली की दी अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें

### सभी नागरिकों से राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर शहर को देश में प्रथम रैंकिंग दिलवाने अधिकाधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देने की विनम्र अपील



**रायपुर।** राजधानी शहर की रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को धनतेरस, रूप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजा अन्नकूट, भाईदूज पर्व अवसरों पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए समृद्धि की प्रतीक आदि शक्ति देवी माँ महालक्ष्मी के दिव्य श्रीचरणों में समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी रायपुर शहर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा ऊर्जाशक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की।

# दीवाली पर 'महिला उद्यमिता स्टॉल' में झलकी बिहान की चमक

### स्व-सहायता समूहों ने किया उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय



**रायपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला उद्यमिता स्टॉल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत मुंगेली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।

स्टॉल में पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुएं जैसे दीये, मिठाई, पूजा-पाठ की सामग्री, अगरबत्ती, धूप, कलश, ग्वालिन दीया-गुल्लक, झूमर मिरर, साड़ी, स्कार्फ, थैले आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्टॉल का अवलोकन किया और समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए आर्थिक रूप से आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के मौके पर लगाई गई यह प्रदर्शनी न केवल उत्सव की रौनक बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की मिसाल भी पेश कर रही है।

बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने स्थानीय उत्पादों के माध्यम से लोकल को वोकल बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं।

इस स्टॉल के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों को बाजार से जोड़ने, ग्राहकों से संवाद स्थापित करने और व्यवसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

स्थानीय नागरिक भी इन हस्तनिर्मित वस्तुओं को उत्साहपूर्वक खरीदकर महिलाओं के इस प्रयास को प्रोत्साहन दे रहे हैं।

# लालगंज में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने चुनावी बैठक ली, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

### सांसद बृजमोहन में बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव प्रचार में बिहार पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, लोकसभा सांसद एवं छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज लालगंज विधानसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनावी बैठक ली।

इस बैठक में लालगंज के वर्तमान विधायक और भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में संगठन की मजबूती, आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और बूथ स्तर तक पार्टी के जनसंपर्क अभियान को गति देने पर विस्तृत से विचार-विमर्श हुआ। सांसद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएँ।

उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और एकजुट होकर ही बिहार में भाजपा सरकार बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं।

## ठा.प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि पर आमापारा स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि दिनांक 21 अक्टूबर 2025 को प्रात: 11 बजे जी ई मार्ग में छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी आमापारा स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

# भाजपा सरकार के कामों पर विश्वास करते हुए नक्सली बड़ी संख्या में आत्म-समर्पण कर रहे



### प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा : सुरक्षा बलों व पुलिस के जवानों के शौर्य से नक्सलियों के हौसले पस्त, अब नक्सली भाग खड़े होने के लिए विवश हो रहे

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने शुक्रवार को बस्तर में बड़ी संख्या में नक्सलियों द्वारा किए गए आत्म-समर्पण को भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के नक्सलियों के समूल खात्मे के संकल्प का साकार होना बताया है।

प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा बलों व पुलिस के जवानों के शौर्य व प्रयासों से नक्सलियों के हौसले इतने पस्त हो गए हैं कि अब नक्सली भाग खड़े होने के लिए विवश हो रहे हैं। इसलिए आज आत्म-समर्पण करने वाले नक्सलियों की कतार इतनी लम्बी हो गई है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कामों पर विश्वास करते हुए नक्सली बड़ी संख्या में आत्म-समर्पण कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का जो संकल्प व्यक्त किया था, वह सिद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को 210 नक्सलियों के आत्म-समर्पण की जिक्र करते हुए प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि अब पूरे देश से नक्सली समाप्त हो जाएंगे, और आदिवासी अंचल में सुख-शांति, समृद्धि व प्रगति दिखाई देने लगेगी।

## रायपुर में औद्योगिक दुर्घटनाओं के बाद श्रम विभाग ने त्वरित कार्यवाही की

**रायपुर।** रायपुर में घटित औद्योगिक दुर्घटनाओं के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम विभाग ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। 8 अक्टूबर 2025 को मेसर्स छत्तीसगढ़ फेरो ट्रेडस प्रा. लिमि., गोंदवारा में क्रेन ऑपरेटर फर्नेस में ब्लास्ट के कारण पिघले लोहे की छींटों से गंभीर रूप से घायल हो गए और 10 अक्टूबर 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद विभाग ने कारखाने के फर्नेस और ई.ओ.टी. क्रेन को बंद करने का आदेश जारी किया। इसी प्रकार 12 अक्टूबर 2025 को श्रीलक्ष्मी नारायण रियल इस्पात प्रा. लिमि., बोरझरा में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन ई.ओ.टी. क्रेन पर मेंटेनेंस कार्य के दौरान लगभग 30 फीट की ऊँचाई से गिर गए और 13 अक्टूबर 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। विभाग ने तत्काल कारखाने के स्ट्रीप मिल के ई.ओ.टी. क्रेन के मेंटेनेंस कार्य को बंद करवा दिया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने दोनों कारखानों को निर्देशित किया है कि वे सुरक्षित कार्यपद्धति तैयार करें, श्रमिकों को उचित प्रशिक्षण और सुपरविजन प्रदान करें और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करने कहा गया है। विभाग लगातार कारखानों में हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।

# आजीविका, आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्थिरता की मजबूत आधार बना-मत्स्य पालन

### ग्रामीण समृद्धि की नई पहचान, तकनीक और परिश्रम से तरक्की की सफर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव 2025 का यह विशेष वर्ष, प्रदेश के समग्र विकास की गौरवशाली गाथा को रेखांकित करता है। इन 25 वर्षों में प्रदेश के सभी विभागों ने जनकल्याण और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। इनमें बिलासपुर जिला का मत्स्य पालन विभाग एक ऐसी मिसाल बनकर उभरा है, जिसने जल संसाधनों के वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, उस समय बिलासपुर जिले में मछली पालन मुख्यत: पारंपरिक विधियों तक सीमित था। ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन एक सहायक आजीविका के रूप में देखा जाता था। केवल 3 हजार 333 तालाब मछली पालन के लिए पट्टे पर दिए गए थे और मत्स्य उत्पादन 21 हजार 120 मीट्रिक टन था। विगत 25 वर्षों में मत्स्य पालन विभाग, बिलासपुर ने योजनाबद्ध प्रयासों और नवाचारों के माध्यम से इस क्षेत्र को नई दिशा दी है।

## महावीर निर्वाण दिवस पर सम्पूर्ण परिक्षेत्र में मांस - मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम की महापौर चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में महावीर निर्वाण दिवस 21 अक्टूबर 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर पालिक निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने महावीर निर्वाण दिवस को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। महावीर निर्वाण दिवस को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस - मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में मांस मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे। निगम की महापौर के निर्देश पर प्रतिबंध आदेश का व्यवहारिक पालन करवाने होटलों में उक्त पावन पर्व दिवसों पर मांस-मटन विक्रय करने पर जप्ती की कार्यवाही कर सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जाएगी।

## थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित नशीली सिरप बिक्री करने वाला आरोपी निहाल गिरफ्तार

### बैंकवर्ड लिंकेज पर कार्यवाही कर पकड़ा गया आरोपी को



**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आमानाका क्षेत्रांतर्गत एम्स अस्पताल के बाजू जी.ई. रोड टाटीबंध पास ई-रिक्शा वाहन में प्रतिबंधित नशीली सिरप Glankof-T के साथ आरोपी 01. युवराज सिह चौहान पिता नारायण सिहं चौहान उम्र 24 साल निवासी कृष्णा नगर कोटा राशन दुकान के पास थाना सरस्वती नगर रायपुर एवं 02.वाजिद खान पिता बशीर खान उम्र 29 साल निवासी कृष्णा नगर कोटा शनि मदिर के पीछे थाना सरस्वती नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 40 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप Glankof-T तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग ई-रिक्शा वाहन जप्त कर आरोपियों विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 340/25 धारा 21बी, 29 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# खरीफ 2025 की समीक्षा एवं रवि 2025-26 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त ने ली बैठक

### ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी लाकर दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों के क्षेत्र विस्तार के दिए निर्देश



**रायपुर।** प्रदेश की कृषि व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए आज कृषि उत्पादन आयुक्त सुश्री सहला निगार की अध्यक्षता में रायपुर एवं दुर्ग संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों संभागों के संभागायुक्त, कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम जिला कलेक्टरों द्वारा खरीफ 2025 की प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर एजेंडा-वार प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसके पश्चात विभागाध्यक्षों ने विभागवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

बैठक में खरीफ 2025 के अंतर्गत मुख्य रूप से धान के रकबे में कमी, फसल विविधीकरण, तथा दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार की समीक्षा की गई। साथ ही बीज, उर्वरक एवं ऋण वितरण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। रबी 2025-26 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी लाकर दलहन, तिलहन एवं मक्का फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उड़द, अरहर, मूंग, चना, मसूर, सोयाबीन, मूंगफली एवं सरसों के उपार्जन से कृषकों को लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के लिए पंजीकृत किसानों का Agri-Stack अंतर्गत पंजीयन अनिवार्य बताया गया। सभी जिलों को शेष 7% लाभार्थियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा संदिग्ध प्रकरणों का सत्यापन समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## सुविचार

**जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।**
**- स्वामी भजनानंद**

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 27वाँ वर्ष

## संपादकीय

# शिवानी : हिंदी साहित्य की सहज, संवेदनशील और सशक्त आवाज़

**अनीता चौबे**

हिंदी साहित्य का यह सचमुच बहुत प्यारा पन्ना है – शिवानी का पन्ना। वह लेखिका, जिसने नारी को किसी आदर्श मूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सांस लेती, दुख-सुख से जूझती, संघर्ष करती और फिर भी गरिमा से जीती मानव स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया।

शिवानी के साहित्य में वह स्त्री बोलती है जिसे समाज ने सदियों से मौन रहने की आदत डाल दी थी। उनकी कहानियों की 'किशुनकली', 'लता', 'काखी' या 'मृणाल' – सब एक ही सच्चाई की प्रतिनिधि हैं- स्त्री के दुख को देखने वाला समाज, पर उसे समझने वाला कोई नहीं।

वह समाज जो अपराध को नहीं, अपराधी को छिपा लेता है; दोष स्त्री का ठहराता है और अपने पुरुष-प्रधान न्याय को धर्म का रूप दे देता है।

शिवानी ने नारी के अंतर्मन की वे गहराइयाँ खोलीं, जिन्हें अक्सर साहित्य में या तो आदर्श के पर्दे से ढका गया या भोग की वस्तु बनाकर अपमानित किया गया। किंतु उन्होंने न तो नारी के प्रति दया दिखाई और न पुरुष के प्रति घृणा। उन्होंने दोनों को मानवीय धरातल पर रखकर देखा – जहाँ स्त्री करुणा की नहीं, सम्मान की पात्र है।

उनकी लेखनी में कोई विद्रोह नहीं था, पर उसमें शक्ति की लहरें थीं। उन्होंने कहा नहीं, पर अपने हर पात्र के माध्यम से यह सिद्ध किया कि स्त्री अब मौन नहीं है – वह बोलती है, सोचती है और अपने अस्तित्व का दावा करती है।

शिवानी का साहित्य न किसी आंदोलन का शोर है, न किसी विचारधारा की कठोरता – वह संवेदना का धीमा, पर अडिग प्रवाह है। उन्होंने जीवन को उसकी पूर्णता में जिया – पति की अकाल मृत्यु, पारिवारिक जिम्मेदारियाँ, और फिर भी लेखन की निरंतरता – यह सब उनके भीतर की तपस्या का प्रमाण है।

अमृतलाल नागर ने उन्हें ठीक ही कहा था – तुम्हें घुलकर नहीं, तपकर जीना है। और उन्होंने सचमुच उस तप की ज्वाला को शब्दों में ढाल दिया।

आज जब हम उनकी 102वीं जयंती मना रहे हैं, तब यह प्रश्न भी उठता है – क्या हिंदी साहित्य ने उन्हें वह सम्मान दिया, जिसकी वे हकदार थीं? शायद नहीं। लेकिन उनका लेखन, उनकी भाषा, उनका दृष्टिकोण – आज भी पाठकों के हृदय में उतना ही जीवित है।

शिवानी, हिंदी साहित्य की वह धरोहर हैं जो हमें यह सिखाती हैं कि सादगी, संवेदना और सच्चाई – ये तीनों मिलकर किसी भी लेखन को अमर बना देते हैं।

# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व

**ललित गर्ग**

दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं।

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मर्यादा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है-अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है। दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विंष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, ÷सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।÷ यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा।

दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है।

## भृंगराज से सेहत...

भृंगराज सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है, जैसे बालों के स्वास्थ्य, लिवर को मजबूत करने, त्वचा की समस्याओं को दूर करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। यह पाचन को बेहतर बनाता है, मानसिक शांति देता है और कफ व वात विकारों से राहत दिलाता है। इसका उपयोग तेल, पाउडर या पानी के साथ किया जा सकता है, लेकिन इस्तेमाल से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है।

### बालों के लिए

- बालों के झड़ने, सफेद होने और गंजेपन को रोकता है।
- बालों की जड़ों को मजबूत और घना बनाता है।
- रूसी और स्कैल्प के संक्रमण को दूर करने में मदद करता है।

### लिवर और पाचन के लिए

- लिवर को स्वस्थ रखने और फैटी लिवर जैसी समस्याओं में फायदेमंद है।
- पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज व अपच से राहत दिलाता है।
- पित्त को कम करने में मदद करता है।

### त्वचा के लिए

- दाग-धब्बे, झाइयां और मुंहासे जैसी त्वचा की समस्याओं में सुधार करता है।
- त्वचा की जलन और संक्रमण को कम करता है।
- त्वचा को चमकदार बनाता है और झुर्रियां कम करता है।

### अन्य लाभ

- रोग प्रतिरोधक क्षमता- यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है।
- मानसिक स्वास्थ्य- तनाव कम करता है, मानसिक शांति देता है और अच्छी नींद लाने में सहायक है।
- श्वसन संबंधी समस्याएं- खांसी और अस्थमा जैसी समस्याओं में राहत दिला सकता है।
- किडनी- किडनी के रोगों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

### उपयोग करने का तरीका

- तेल- भृंगराज के तेल से स्कैल्प की मालिश करें।
- लेप- त्वचा की समस्याओं के लिए भृंगराज के रस या पेस्ट का लेप लगा सकते हैं।

# दीपावली - धर्म, संस्कृति और समरसता का संगम

**महेन्द्र तिवारी**

भारतवर्ष पर्वों और त्यौहारों की भूमि है। यहाँ का प्रत्येक पर्व केवल आनंद या उत्सव का अवसर नहीं होता, बल्कि वह जीवन के किसी गूढ़ सत्य, आध्यात्मिक मूल्य या सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सबसे ऊँचा और विशिष्ट है। यह वह पर्व है जो हर भारतीय के हृदय में उजाले, उल्लास और नवसृजन का संकल्प जगाता है। दीपावली, जिसे 'दीपों की पंक्ति' कहा गया है, केवल घर-आँगन को प्रकाशमान करने का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा के अंधकार को मिटाने का प्रतीक भी है। इसका अर्थ है—अंधकार पर प्रकाश की विजय, बुराई पर अच्छाई का जयघोष और अज्ञान पर ज्ञान का प्रकाश।

दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या की रात को मनाया जाता है। यह समय जब वर्षा ऋतु का अंत हो चुका होता है और शरद ऋतु की स्वच्छ, उज्ज्वल रात्रियाँ आरंभ होती हैं, तब प्रकृति स्वयं भी दीपावली के उत्सव में सम्मिलित प्रतीत होती है। इस वर्ष दीपावली 20 अक्टूबर 2025 की रात को मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार अमावस्या तिथि दोपहर 3-44 बजे से आरंभ होकर अगले दिन शाम 5-54 बजे तक रहेगी, और प्रदोषकाल यानी सूर्यास्त के बाद का समय 20 अक्टूबर की रात में ही रहेगा। इसलिए इस रात लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। भारतीय समाज में दीपावली की तैयारियाँ कई दिनों पहले से प्रारंभ हो जाती हैं। घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, मिठाइयों का निर्माण, और सजावट का उत्साह चारों ओर छा जाता है। यह सब केवल भौतिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसा विश्वास है कि जिस घर में स्वच्छता, अनुशासन और प्रसन्नता का वास होता है, वहाँ माँ लक्ष्मी स्वतः आती हैं। दीपावली की सुबह लोग स्नान-ध्यान के बाद अपने घर और पूजा स्थल को सजाते हैं। पूजा के समय माता लक्ष्मी को लाल या पीले वस्त्रों पर प्रतिष्ठित किया जाता है। चंदन, कुमकुम, हल्दी और पुष्पों से उनका पूजन किया जाता है, और मिठाइयों व फलों का नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी जाती है।

साथ ही भगवान गणेश और कुबेर देव की भी आराधना की जाती है, ताकि बुद्धि, धन और समृद्धि तीनों का संतुलन जीवन में बना रहे। दीपावली के पर्व से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाएँ हैं, जो इसकी गहराई और विविधता को दर्शाती हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा भगवान राम की है। त्रेता युग में जब श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात अयोध्या लौटे, तो उनके स्वागत में नगरवासियों ने घी के दीप जलाए और सम्पूर्ण अयोध्या को स्वर्ण-ज्योति से आलोकित कर दिया। तभी से दीपावली 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' के रूप में मनाई जाने लगी। एक अन्य कथा के अनुसार इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु को अपना वर चुना था, इसलिए यह दिन 'धन और समृद्धि की देवी' की पूजा के लिए शुभ माना जाता है।

हिंदू परंपरा के अतिरिक्त जैन धर्म में भी दीपावली का अत्यंत महत्व है। जैन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि इसी दिन भगवान महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया था। उनके अनुयायियों ने उस रात अपने गुरु के ज्ञान-प्रकाश की स्मृति में दीप जलाए थे। इस प्रकार दीपावली केवल हिंदू धर्म का नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की बहुरंगी धार्मिक चेतना का उत्सव है। सिख धर्म में भी यह दिन विशेष महत्व रखता है—गुरु हरगोबिंद सिंह जी की कारावास से मुक्ति इसी दिन हुई थी, जिसे 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस तरह दीपावली संप्रदायों के पार जाकर एक राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्व का स्वरूप ग्रहण कर चुकी है।


दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक चलने वाला उत्सव-समूह भी है, जिसमें प्रत्येक दिन की अपनी विशेष पहचान है। धनतेरस से शुरुआत होती है, जब लोग धन के देवता कुबेर और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि की पूजा करते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली मनाई जाती है, जो नरकासुर के वध का स्मरण कराती है। तीसरा दिन मुख्य दीपावली का होता है, जिसमें लक्ष्मी-गणेश की पूजा और दीपदान होता है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पर्व आता है, जब लोग भगवान कृष्ण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पाँचवें दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है, जो भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। इस पंचपर्व परंपरा ने दीपावली को केवल एक रात का उत्सव न रहकर एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक पर्व बना दिया है।

दीपावली का एक अन्य पक्ष भी है ङ्क इसका सामाजिक और मानवीय अर्थ। इस दिन लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे से मिलने जाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, दीप जलाते हैं और प्रेम तथा सौहार्द का संदेश फैलाते हैं। यह वह अवसर होता है जब परिवार और समाज के बीच की दूरियाँ मिटती हैं। आज के समय में जब शहरी जीवन की व्यस्तता, प्रतिस्पर्धा और एकाकीपन बढ़ता जा रहा है, दीपावली का यह सामाजिक संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भौतिक सम्पन्नता तभी सार्थक है जब उसमें मानवीय संबंधों की ऊष्मा और सामाजिक समरसता भी जुड़ी हो। दीपावली केवल धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति और जीवन-दर्शन का प्रतीक है। मिट्टी के दीपक जब पंक्तिबद्ध जलते हैं तो वे हमें यह सिखाते हैं कि चाहे अंधकार कितना भी घना हो, एक छोटा-सा दीप भी उसे दूर कर सकता है।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1469 आरागॉन के फर्डिनेंड द्वितीय ने कैस्टिले के इसाबेला द्व से शादी की, जो कि एक एकल देश, स्पेन में आरागॉन कैस्टिले के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करता है।
1630 बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया।
1722 फ्रांसीसी सी होफर ने आग बुझाने की मशीन का बनाया।
1739 इंग्लैंड ने स्पेन से युद्ध की घोषणा की।
1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नवॉलिस ने दोपहर 2 बजे यॉर्कटाउन में आत्मसमर्पण किया; जिसके परिणामस्वरूप अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नविलास ने अमेरिका में आत्मसमर्पण किया, अमेरिकी क्रांति युद्ध का समापन हुआ।
1781 लॉर्ड कार्नवालिस के नेतृत्व में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-ब्रिटिश सेनाओं ने जॉर्ज टाउन के तहत जॉर्ज टाउन की घेराबंदी को समाप्त करते हुए आधिकारिक तौर पर फ्रेंको-अमेरिकी बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
1789 जॉन जे ने यूनाइटेडस्टेट्स के पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
1813 लैपजिंग का युद्ध समाप्त हुआ।
1853 हवाई में पहली आटा मिल की शुरुआत की गयी।
1864 अमेरिकी गृहयुद्ध - संघियों के रूप में लगभग दो बार हताहत होने के बावजूद, केंद्रीय सेना देवदार क्रीक की लड़ाई में विजयी हुई।
1872 न्यू साउथ वेल्स में विश्व का सबसे बड़ा सोने का टुकड़ा (215 किग्रा) पाया गया।
1900 पेंटर हेनरी ओ टानर ने पेरिस प्रदर्शनी में मैडल ऑफ़ ऑनर जीता।
1900 जर्मन वैज्ञानिक माक्स प्लांक ने प्लांक का नियम प्रतिपादित किया था। इसे ब्लैक बॉडी एमिशन का नियम भी कहा जाता है।
1904 नामांकन के मामले में देश का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय, फिलीपींस का पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय, मनीला बिजनेस स्कूल के रूप में खोला गया।


## राशिफल


**मेष राशि**: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे पूरी अवश्य करेंगे। आपके पिताजी को आंखों से संबंधित समस्याएं यदि चल रही थी, तो उससे काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके रहन-सहन के स्तर में भी आप बदलाव कर सकते हैं।


**वृष राशि**: आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपने यदि कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।


**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन चल रही थी। आप अपने घर की रखरखाव के साथ-साथ अपने ऊपर पूरा ध्यान देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको कामों में यदि कोई गलतफहमी चल रही है।



**कर्क राशि**: आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कामों को लेकर कुछ कठिनाइयां बनी रहेगी। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा, क्योंकि आपके मित्रों की संख्या में इजाफा होगा।


**सिंह राशि**: आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको साझेदारी में कोई काम करने का पूरा लाभ मिलेगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।


**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करें। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।


**तुला राशि**: आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहकर आगे बढ़ना होगा और किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।


**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूर्ति हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका यदि कोई नया घर खरीदने का सपना लंबे समय से अटक रहा था, तो वह भी पूरा हो सकता है।


**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी बड़ी डील को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो उसे आप फाइनल कर सकते हैं। आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव रहेगा। किसी काम को लेकर यदि आपके मन में संशय बना हुआ है, तो आप उसमें आगे ना बढ़ें। आपका कोई काम आपकी इच्छा के विरुद्ध हो सकता है।


**मकर राशि**: आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। आप किसी काम को लेकर लापरवाही ना बरतें, नहीं तो इससे समस्या हो सकती है। आपको अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।


**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि रहने वाला है आपको निर्णय लेने की क्षमता का आपको लाभ मिलेगा। जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं वह साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।


**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी और धन की भी आपके पास कोई कमी नहीं रहेगी। बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

## ज्ञानवाणी

### सीमा का सिपाही

राजस्थान की तपती रेत पर, जहाँ दिन में रेत आग की तरह जलती है और रात में ठंडी हवा में सन्नाटा गूंजता है, वहीं खड़ा था बीएसएफ का जवान शंकर सिंह।

चेहरे पर धूप की झुलस, होंठ फटे हुए, पर आँखों में चमक थी – देश की रक्षा की चमक। शंकर का जन्म एक छोटे से किसान परिवार में हुआ था। पिता खेती से किसी तरह घर चलाते थे। माँ हमेशा कहा करती थीं, बेटा, खेत की मिट्टी में सोना नहीं, पर देश की मिट्टी में शहादत का गौरव है।

इन शब्दों ने शंकर के दिल में एक आग जला दी।

बारहवीं पास करते ही उसने बीएसएफ का फॉर्म भरा, फिजिकल दी, और किस्मत ने उसका साथ दिया –वह देश की सीमाओं का प्रहरी बन गया।

गाँव छोड़ते वक्त माँ की आँखों में आँसू थे, पर होंठों पर गर्व।

जा बेटा, अब तू मेरी नहीं, देश की रक्षा करेगा।

पहली पोस्टिंग भारत-पाक सीमा पर मिली।

वहाँ रेत, तूफ़ान, और दुश्मन की चाल – तीनों हर वक्त तैयार रहते थे। रात में 2 बजे पेट्रोलिंग, दिन में 45 डिग्री की गर्मी – यही दिनचर्या थी। फिर भी शंकर हमेशा मुस्कुराता रहता।

एक साथी ने पूछा, यार शंकर, तू हमेशा हँसता क्यों रहता है? यहाँ तो हर पल मौत मंडराती है।

शंकर मुस्कुरा कर बोला, भाई, मौत से डरना हमें नहीं सिखाया गयाज्हमें तो बस मातृभूमि के लिए हँसते हुए जीना और हँसते हुए मरना सिखाया गया है।

एक रात खबर आई कि दुश्मन की ओर से कुछ घुसपैठिए सीमा पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

तेज़ हवा, अंधेरा, और गोलियों की गूँज – हर तरफ अफरा-तफरी थी। शंकर अपनी टीम के साथ तुरंत निकल पड़ा।

अचानक एक गोली उसके कंधे में लगी।

दर्द भयानक था, लेकिन उसने पीछे हटना स्वीकार नहीं किया। उसने साथियों से कहा, पीछे मत हटना, ये हमारी ज़मीन हैज इसे कोई नहीं छीन सकता!

उसकी आवाज़ में ऐसा जोश था कि बाकी जवानों का खून खौल उठा। उन्होंने हमला रोका, और घुसपैठिए भाग खड़े हुए।

जब सब शांत हुआ, शंकर ज़मीन पर गिर पड़ा

चेहरे पर मुस्कान थी, और होंठों पर आखिरी शब्द –

माँ मैंने वादा निभा दिया

अगले दिन गाँव में तिरंगे में लिपटा शंकर का पार्थिव शरीर पहुँचा। पूरा गाँव उमड़ पड़ा।

माँ ने बेटे के माथे पर हाथ रखा, आँसू नहीं बहाए –

बस बोली,मेरा बेटा गया नहीं, वो अब इस मिट्टी में बस गया है पिता ने तिरंगे को चूमा और कहा, जिस धरती ने उसे जन्म दिया, उसी की रक्षा करते हुए उसने प्राण दिए – इससे बड़ी शहादत कोई नहीं। शंकर की कहानी गाँव के हर बच्चे के दिल में बस गई। अब जब भी कोई बच्चा बीएसएफ की वर्दी देखता है,

तो गर्व से कहता है –मैं भी शंकर भैया जैसा बनूँगा।

शंकर तो चला गया, पर उसकी कहानी आज भी हर सीमा चौकी पर हवा के साथ गूंजती है –देश के लिए जो गिरा, वो कभी मिटता नहीं... वो हर सूरज की पहली किरण में मुस्कुराता है।

**शिक्षा**

बीएसएफ का हर जवान सिर्फ एक सैनिक नहीं होता, वो देश की सांसें, माँ की दुआ और मिट्टी की गरिमा होता है।

# ओडिशा के दीयों से जगमगाता है बस्तर






### हर साल लाखों दीये बेचने पहुंचते हैं कुम्हार, 200 से ज्यादा परिवारों का रोजगार इसी से चलता है

**जगदलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी दिवाली में छत्तीसगढ़ का बस्तर ओडिशा के दीयों से जगमगाएगा। इसकी वजह है बस्तर के स्थानीय कुम्हार दीये कम बना रहे हैं, जबकि पड़ोसी राज्य ओडिशा के कुम्हार लाखों की संख्या में मिट्टी के आकर्षक दीया बनाकर बस्तर के बाजारों में बेचने पहुंचे हैं।

हर साल ओडिशा के करीब 200 से ज्यादा परिवारों का रोजगार छत्तीसगढ़ के ग्राहकों से चलता है। इस बार भी नवरंगपुर से कुम्हार दीये लेकर जगदलपुर पहुंचे हैं।

थोक और चिल्हर में दीये बेचकर अच्छे खासे पैसे कमा रहे हैं। जगदलपुर के सिरहसार भवन, गोलबाजार, संजय मार्केट और चांदनी चौक के पास दीयों का बाजार भरा है।

### थोक के दीये की दुकान लगी

सिरहासार भवन के पास ओडिशा से आए कुम्हार थोक के दीये की दुकान लगाए हैं। बस्तर के कुम्हार या फिर अन्य व्यापारी दीये खरीदकर अलग-अलग जगह दुकान लगाकर रखे हैं। जो मिट्टी के दीपक, गुल्लक, मटका, समेत मिट्टी के अन्य सामान की दुकान लगाए हैं।

### स्थानीय युवक बोले- एक भी दीया नहीं बचता

बस्तर के स्थानीय युवक ओडिशा के कुम्हारों से दीये खरीदकर लाए और बेचकर अपना रोजगार चला रहे हैं। युवक राजू बघेल ने बताया कि, बस्तर में मिट्टी का दीपक बहुत कम मिलता है।

इसलिए वो भी हर साल ओडिशा से मिट्टी के दीये, गुल्लक, मटका समेत अन्य सामान खरीदते हैं। इस बार भी यह सामान लाकर सड़क किनारे दुकान लगाकर बेच रहा है।

दुकान लगाने वाले राजू ने बताया कि, छोटा दीया 20 रुपए में 12 नग और बड़ा दीया 100 रुपए में एक नग बेचा जा रहा है। इसके साथ ही गुल्लक की कीमत भी 100 रुपए है।

हर साल दीपावली से पहले सब सामान बिक जाता है। जिससे उनकी अच्छी आमदनी होती है।

ओडिशा के कुम्हार कमलेश का कहना है कि, हर साल करीब 200 से ज्यादा परिवारों का रोजगार छत्तीसगढ़ से चलता है। दिवाली आने से करीब दो-तीन महीने पहले से ही दीये समेत अन्य मिट्टी के सामान बनाना शुरू कर देते हैं। वहीं दीपावली से सप्ताह भर पहले जगदलपुर पहुंचकर थोक की दुकान लगाते हैं। स्थानीय लोग दीया खरीद देते हैं। इसी से हमारा रोजगार चलता है और हम अच्छी खासी आमदनी कर लेते हैं।

### मिट्टी के हाथी, मछली और गणेश के गुल्लक भी बिक रहे

मिट्टी के हाथी, गणेश, मछली, शंख के गुल्लक काफी आकर्षित हैं। पंचमुखी और 10 मुखी दीये भी काफी आकर्षित हैं। इनकी बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है। हाथी और गणेश गुल्लक की कीमत 500 रुपए से लेकर 1 हजार रुपए तक है। जबकि 10 मुखी दीये की कीमत 150 रुपए है।

# हिंदी साहित्य को बढ़ावाः भाषण, कविता व प्रश्नोत्तरी में 120 छात्रों ने लिया हिस्सा

**बालको नगर।** मातृभाषा हिन्दी व साहित्य को बढ़ावा देने वेदांता समूह की बालको कंपनी ने हिन्दी उत्सव कार्यक्रम के तहत अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया। बालको नगर समेत आसपास स्कूलों के छात्रों ने भाषण, कविता, निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 8 वीं से 12 वीं के लगभग 120 प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी छात्रों को विभिन्न प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

बालको कंपनी के सीईओ राजेश कुमार ने छात्रों की कविता पाठ को सराहा। उन्होंने कहा कि सामंजस्यपूर्ण समाज की साहित्यिक नींव को आकार देने में आने वाली युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं।



हिंदी को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता शब्दों से परे है। यह हमारी भाषा संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोए रखने का प्रयास है, जो एक बेहतर और समावेशी समाज की ओर सराहनीय कदम है।

निबंध प्रतियोगिता में 5वीं से 8वीं के छात्रों ने अगर मैं प्रधानमंत्री होता व मोबाइल फोन के लाभ और हानि विषय पर प्रस्तुति दी।

वहीं 9वीं से 12वीं के छात्रों ने सोशल मीडिया के लाभ और हानि व जलवायु परिवर्तन और हमारी जिम्मेदारी विषय पर निबंध के माध्यम अपने विचार पेश किए। छात्रों ने उत्साह व उमंग के साथ सामाजिक और मार्मिक संवेदना के साथ मनमोहक कविता से अमिट छाप छोड़ी। आयोजन का आकर्षण प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा रही। छात्रों ने हिंदी साहित्य के इतिहास, परिचय, काव्य, लेखक, रचना और व्याकरण से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रतिस्पर्धा में 8 स्कूलों के 40 छात्रों ने भाग लिया। इसमें बाल सदन स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको संयुक्त विजेता रही।

# 6 दावेदारों का पैनल पीसीसी और एआईसीसी को भेजा जाएगाः रावत



**सारंगढ़।** संगठन सृजन अभियान के तहत अभाकां कमेटी के नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ. नितिन रावत व प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मोहम्मद अकबर, कोको पाढ़ी, गुरुमुख सिंह होरा ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिला अध्यक्ष को बदलने या यथावत रखने को लेकर रायशुमारी की जा रही है। साथ ही साथ यहां से 6 दावेदारों का पैनल प्रदेश और केंद्रीय कमेटी को भेजा जाएगा। डॉ. नीतिन रावत ने कहा कि संगठन और सत्ता दोनों एक है। प्रेसवार्ता के दौरान विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक कविता प्राण लहरे, पदमा घनश्याम मनहर, जिला अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, विनोद भारद्वाज, राजेश भारद्वाज उपस्थित रहे।

# सर्व धर्म प्रार्थना के बाद भजन मंडली ने दी प्रस्तुति



**कोरबा।** जागृति क्लब में सर्व धर्म प्रार्थना के बाद भजन मंडली ने भक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. भीमराव अंबेडकर, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम समेत अन्य महापुरुषों को नमन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अतिथि नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, उपक्षेत्रीय प्रबंधक एके राय, प्रबंधक बिजेकर खान ने आपसी एकता व भाईचारा के लिए सर्व धर्म प्रार्थना के आयोजन को सराहा। महिला मंडल की सदस्यों में गीतांजलि, ज्योति दीवान समेत विभिन्न समाजों व संप्रदाय के प्रमुखों ने भी महापुरुषों को नमन किया। सर्वधर्म प्रार्थन सह भजन संध्या को सफल बनाने में जागृति क्लब के सचिव विमल मानिकपुरी का विशेष सहयोग रहा।

### विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

कोरबा। भिलाई दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय गायन, वाद्य प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को महापौर संजू देवी राजपूत ने सम्मानित किया। प्रिया म्यूजिकल क्लासेस के 14 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। संगीत शिक्षक कन्हैया वैष्णव और पिंकी वैष्णव ने बताया कि राष्ट्रीय गायन, वाद्य में भाग लेकर बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इनमें धर्मेश वैष्णव, अनुभव वासु, पिंकी वैष्णव, योगिता अग्रवाल, पायल वस्त्रकर, बोहनी शिखा बासु, अभिनव देवांगन, आयुष्मान, अंश सिंह, श्रेया वैष्णव, सौम्या कुमार, दीक्षा दास शामिल हैं। महापौर ने बच्चों को प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# अफसरों से मंजूरी मिलने पर पुरानी पेंशन होगी बहाल

**कोरबा।** राज्य शासन के उच्चाधिकारियों से अप्रुवल मिलने पर बिजली कंपनी में पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली की जाएगी। साल 2004 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ नहीं मिल रहा है। संविदा कर्मियों की नियमितीकरण प्रक्रियाधीन है।

7 दिन तक अनिश्चितकालीन धरना देने के बाद छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रतिनिध मंडल से शुक्रवार को बिजली कंपनी के चेयरमैन रोहित यादव ने अपने दफ्तर के सभाकक्ष में संगठन की मांगों पर चर्चा की। महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई है। चेयरमैन की ओर से यह स्पष्ट किया है कि पुरानी पेंशन बहाली की प्रमुख मांग पर राज्य सरकार के शीर्षस्थ अधिकारियों ने सकारात्मक निर्णय लेने पर सहमति जता दी है। अब शीर्ष कार्यालय अप्रुवल के लिए भेजा जाएगा। अप्रुवल मिलने के बाद बिजली कंपनी में पुरानी पेंशन बहाली कर दी जाएगी। संविदा कर्मियों के नियमितीकरण पर कहा कि यह प्रक्रियाधीन है। ऐसे में सम्मानजक वेतन बढ़ोतरी करने पर बिजली कंपनी ने सहमति जताई है। नियमित कर्मियों की तरह संविदा कर्मियों को कैशलेश इलाज, राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन



भुगतान, ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति, सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी सहमति बनी है। इसके बाद अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया गया है। बैठक में बीएमएस के उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के उप महामंत्री हरीश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय तिवारी, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, संयुक्त महामंत्री शिवेंद्र केशव दुबे समेत अन्य मौजूद रहे।

# मावलीभाटा-राजूर में 25.30 लाख के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन



**जगदलपुर।** तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत मावलीभाटा व राजूर में 25.30 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने किया। इस दौरान राजूर में सोररास पारा प्राथमिक शाला भवन, मावलीभाटा में सीसी सड़क निर्माण की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हर गांव तक विकास पहुंचाने पर काम कर रही है। इस दौरान जिपं सदस्य कामदेव बघेल, पद्मनी कश्यप, रामबती भंडारी, रितेश दास जोशी, बाबुल नाग, सोमारूराम कश्यप, देवीप्रसाद वेंजाम, मिटकुराम बघेल, चंद्रकांत भंडारी, दुर्जन सिंह कश्यप, मुन्ना कश्यप, सोनमती घोष, मनबती बघेल, दीनदयाल मौर्य, अमित भंडारी, रायसिंह मौर्य, शिवनाथ, नारायण सिंह, मंगलु राम, लिबरू, संतुराम, श्यामा सिंह, राजू, तिलकदेई मौर्य सहित अन्य मौजूद थे।

# पक्के घर की पहली दिवाली, दुलारी ने कहा, अब डर नहीं केवल रोशनी है

**बिलासपुर।** कभी बारिश की बूंदों से टपकती छत और मिट्टी की दीवारों के बीच जीवन गुज़ार रही धुरीपारा मंगला की दुलारी के जीवन में एक बड़ी खुशहाली आई है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पक्का आशियाना बना है, इस बार वे पहली बार अपने पक्के घर में दिवाली मनाएंगी इससे उनके त्यौहार का उत्साह दुगुना हो गया है। योजना के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। धुरीपारा मंगला की दुलारी अपने परिवार के साथ वर्षों से एक कच्चे घर में रह रही थीं। बरसात के दिनों में घर में पानी भर जाता था और दीवारों पर नमी से रहना मुश्किल हो जाता था। आमदनी इतनी नहीं थी कि पक्का घर बनवा सकें ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उन्हें सरकारी सहायता मिली, पति स्वयं राज मिस्त्री हैं उन्होंने स्वयं अपना मजबूत घर बना लिया है। उनका नया घर न केवल सुरक्षा का प्रतीक है बल्कि आत्मनिर्भरता का भी, इस बार वे पहली बार अपने पक्के घर में दिवाली मनाएंगी ये उनके लिए बड़ी खुशी है। दुलारी खुश होकर बताते हैं कि अब बच्चों के लिए एक अलग कमरा है, रसोई साफ-सुथरी है और बरसात का डर खत्म हो गया है। घर में बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा ने उनके जीवन को आसान बना दिया है।



# स्कूली बच्चों ने लिया, अन्न का आदर, स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प

**जगदलपुर।** विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बकावण्ड विकासखंड के अंतर्गत स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय करीतगांव में न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अन्न के प्रति सम्मान और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जागृत करना था। प्राचार्य व नव नियुक्त शिक्षकों के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मालगांव, करीतगांव, धोबीगुड़ा, कोहकापाल, जुनावनी के सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खाद्य दिवस के महत्व एवं भोजन की बर्बादी रोकने के संदेश से अवगत कराया गया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत सभी को दोना-पत्तल में भोजन परोसा गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। न्योता भोज में विद्यालय के लगभग 700 विद्यार्थियों के साथ अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक भोजन कर अन्न का आदर करने व स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।



# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कुलपति को चड्डी पहनाकर घुमाएंगे

## बिलासपुर-सेंट्रल-यूनिवर्सिटी में छात्र के सस्पेंशन पर बवाल, MLA बोले- विश्वविद्यालय को अय्याशी का अड्डा बना दिया



**बिलासपुर।** बिलासपुर के गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छात्र को निष्कासित करने के विरोध में एनएसयूआई नेताओं ने कुलपति निवास के सामने धरना-प्रदर्शन कर जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कुलपति को यहां से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने विवादित बयान देते हुए कहा, कि ढाई साल बाद सरकार बदलेगी, तब गुजरात की कब्र से निकालकर भी उन्हें यहां लेकर आएंगे।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने कहा कि कुलपति को चड्डी पहनाकर घुमाएंगे। इस प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, अब एनएसयूआई और कांग्रेस के बैनर तले यूनिवर्सिटी प्रबंधन के खिलाफ 4 नवंबर को प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान किया। कांग्रेसियों ने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन किया था 17 अक्टूबर को पुलिस ने 30 NSUI नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### यूनिवर्सिटी प्रबंधन का विरोध

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और एनएसयूआई ने कुलपति निवास के सामने प्रदर्शन किया। छात्रों की मांग पूरी नहीं होने, उन्हें निष्कासित करने और भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की बात नहीं सुनने पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन का कांग्रेस नेताओं ने विरोध जताया।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि यूनिवर्सिटी छात्रों की है। बाबा गुरु घासीदास के नाम पर यूनिवर्सिटी बनी है। यहां किसी की ज्यादती नहीं चलेगी। अब यहां के छात्र जाग रहे हैं।

विधायक ने कहा कि अगर छात्र सुदीप शास्त्री का निष्कासन यूनिवर्सिटी वापस नहीं लेगी तो प्रदेश का सबसे बड़ा आंदोलन 4 नवंबर को यहां होगा। यहां हो रही भर्ती में गड़बड़ी की जानकारी ली जाएगी।

ढाई साल बाद भर्ती में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को गुजरात के कब्र से निकालकर लाएंगे। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी को बनाने के लिए हम सभी जेल गए हैं। लेकिन, छात्रों के साथ ज्यादती हुई तो यूनिवर्सिटी में आग भी लगा सकते हैं।

### छात्र के सस्पेंशन के बाद हंगामा

दरअसल, 25 अगस्त को छात्रों ने जबरन फेल करने का आरोप लगाकर यूनिवर्सिटी में करीब 3 घंटे तक प्रदर्शन किया था। तहसीलदार के पहुंचने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनसे ज्ञापन लिया था। सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर छात्रों को रोकने के लिए प्रोफेसर्स को भी तैनात किया गया था। इसके बाद इस मामले में छात्र सुदीप शास्त्री का टीसी, माइग्रेशन यूनिवर्सिटी ने डाक से घर भेज दिया है। इसको लेकर छात्र शास्त्री और सार्थक मिश्रा तीन दिन से भूख हड़ताल कर रहे हैं।

### यूनिवर्सिटी ने आंदोलनकारियों पर दर्ज कराया एफआईआर

इधर, विरोध-प्रदर्शन और हंगामे के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने मामले की शिकायत कोनी थाने में की। पुलिस ने एनएसयूआई नेता, छात्र सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि, एफआईआर में केवल नीरज पांडे, लक्की मिश्रा, सुदीप शास्त्री, सार्थक मिश्रा के खिलाफ नामजद और 30 अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।


जबकि, बड़े नेताओं को नामजद नहीं किया गया है। जबकि, प्रदर्शन में विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ कांग्रेस नेता प्रमोद नायक, सुद्धांशु मिश्रा, लक्की मिश्रा, रंजीत सिंह, अर्पित केसरवानी, विकास सिंह सहित कई कांग्रेसी नेता और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि यूनिवर्सिटी में जब से आलोक चक्रवाल कुलपति बनकर आए हैं, तब से प्रोफेसर्स, छात्र और स्टाफ के साथ अन्याय किया जा रहा है। उनकी विचारधारा से सहमत नहीं होने पर दबाव बनाकर परेशान किया जा रहा है। एनएसयूआई और कांग्रेस नेताओं के मुताबिक प्रदर्शन के बाद दबाव बनाने के लिए एफआईआर दर्ज की गई है।

# बिलासपुर में राजस्व अफसरों को बंद मिली पटाखा फैक्ट्री

**बिलासपुर। गाइडलाइन के खिलाफ चल रहे पटाखा फैक्ट्री को संचालक ने बंद कर दिया है। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम फैक्ट्री पहुंची, तो केवल अकेले चौकीदार नजर आया।**

जबकि, काम करने वाले मजदूर, पटाखा बनाने के लिए रखे बारूद समेत सारा सामान गायब कर दिया गया था। टीम खाली फैक्ट्री की जांच कर लौट आई है।

वहीं, संचालक को बयान दर्ज कराने के लिए तहसील ऑफिस तलब किया गया है। सरकंडा क्षेत्र के ग्राम बैमा में संचालित पटाखा फैक्ट्री की रियलिटी चेक की। यहां जंग लगे पुराने लोहे के गेट के पास एक चौकीदार का घर था। आवाज लगाने पर चौकीदार कृष्ण कुमार सूर्यवंशी बाहर आया। जिस जगह पर चौकीदार रहता है, उसके बरामदे और कमरे के पास सोरा (अमोनियम क्लोराइड), गंधक और अन्य विस्फोटक की बोरियां खुले में पड़ी थीं। यह सामग्री बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुले बरामदे में रखी गई थी। इस तरह के अवैध रूप से विस्फोटक सामग्रियों की प्रयोग कर क्रेकर्स बनाने वालों को अपने फायदे के अलावा किसी की जानमाल की कोई परवाह नहीं होती।





बारूद की ढेर पर बैठकर काम कर रहे थे मजदूर, अब सभी गायब, सिर्फ चौकीदार मिला

# बैठक में शैक्षणिक स्थिति में सुधार के लिए चर्चा की

**घरघोड़ा।** स्कूली शिक्षा विभाग घरघोड़ा की विकासखंड स्तरीय बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनूराम पैंकरा, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जनपद सदस्य लीलावती गुप्ता और पुनिता राठिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा विभाग रायगढ़ से जिला परियोजना समन्वयक आलोक स्वर्णकार, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, जिला नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार कर्ण, जिला समन्वयक देवेंद्र वर्मा और समग्र शिक्षा के एपीसी अभय पाण्डेय उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक की शुरुआत में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनूराम पैंकरा ने विकासखंड में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं के हित में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की बात कही। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने गुरु की महत्ता को स्वीकार करते हुए वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका और जवाबदेही पर बल दिया।



# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज मिशन पंचों को दिया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत जनपद पंचायत स्तर पर निर्वाचित पंचों का एक दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत रायगढ़ सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सनत कुमार नायक, इन्टेकों सर्विसेज से आरजीएसए प्रतिनिधि अनिल शर्मा व सहायक विकास अधिकारी अक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान जनपद सीईओ सनत कुमार नायक ने ग्राम स्वराज की मूल अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ग्राम पंचायतें स्वशासन के माध्यम से अपने गांवों का समग्र विकास कर सकती हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका, अधिकार एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी और सभी वार्ड पंचों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इन्टेकों सर्विसेज से आए आरजीएसए प्रतिनिधि अनिल शर्मा ने 'आदर्श ग्राम' की परिकल्पना को समझाते हुए बताया कि गांवों में कैसे जनसहभागिता और नवाचारों के जरिए समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।



# छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया, दूसरों को भी जागरूक करेंगे




**हरदीबाजार।** गवर्नमेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। साथ ही नशामुक्ति अभियान से कम से कम 10 लोगों को जागरूक भी करेंगे। प्राचार्य पूनम दुबे के मार्गदर्शन में नशामुक्ति अभियान के साथ-साथ विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नायक प्रभारी राजेन्द्र कुमार ने कहा कि छात्रों के अंदर सभी पहलुओं का विकास जरूरी है। प्रमुख छात्र प्रतिनिधित्व व पीयर्स ग्रुप निर्माण किया गया। इसके नेतृत्व में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, पौधरोपण के साथ विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया है, ताकि छात्रों में बौद्धिक, नैतिक, व्यवहारिक, शैक्षिक गुणवत्ता का विकास हो। पीयर्स ग्रुप रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, बापू, विवेकानंद ग्रुप का निर्माण करेंगे। समूह बनाकर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इस मौके पर देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, वीरेंद्र कुर्रे, जितेंद्र कुमार नेटी, भारती सिंह तोमर, सुनील कुमार मिश्रा, निहारिका इमानुएल, सेत कुमार सांड, भाग्यश्री पांडेय, गौरव कुमार सिंह, शिवनारायण जगत, राजेंद्र कुमार कौशिल, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी, पुष्पेंद्र कंवर समेत अन्य मौजूद रहे।

# व्यक्ति विभाग से सेवानिवृत होता है, जिम्मेदारी से नहीं : सिंह



**सकरी।** तखतपुर ब्लॉक के ग्राम लोखंडी में पदस्थ पंचायत सचिव अशोक कौशिक के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह रहे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति केवल विभाग से सेवानिवृत्त होता है, जिम्मेदारियों से नहीं। अब कौशिक समाज सेवा में अपनी नई भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि कौशिक ने सेवा भावना से कार्य करते हुए ग्राम में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके अनुभव से समाज को आगे लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति भारती नीरज माली, जनपद सभापति परमेश्वर पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ पटेल, सरपंच बलराम पटेल, उपसरपंच बसंत गढ़ेवाल, डॉ. प्रीतम पटेल एवं मंडल महामंत्री मोहन पाटले ने भी विचार व्यक्त किए।

# अग्निशमन यंत्र नहीं, एक बाल्टी पानी व रेत से बुझाएंगे आग

**रायगढ़।** मिनी स्टेडियम में लगे पटाखा बाजार में सुरक्षा इंतजाम कागजों तक ही सीमित हैं। इस साल टीन की दुकानें तो बनीं, लेकिन पटाखा कारोबारी दुकानें बाहर लगा रहे हैं। आग या अन्य हादसे से बचाव के लिए फायर एक्सटिंगिवीशर रखना था। दुकानों के बीच 3 फीट की दूरी होनी थी।

मिनी स्टेडियम के बाजार में ना तो दुकानों के बीच दूरी के नियम का पालन हुआ और न ही यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। दुकान बनाने के लिए कपड़ों से घेरकर टेंट लगा दिया गया है। सुरक्षा के नाम पर एक बाल्टी रेत और पानी का इंतजाम है। शहर के मिनी स्टेडियम में इस साल 80 अस्थायी पटाखा दुकानें लगी हैं। पटाखा दुकानें शुरू होने से पहले ही अग्निशमन विभाग की ओर से आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एडवायजरी जारी की जाती है। इस साल भी जिला अग्निशमन अधिकारी बी कुजूर ने निर्देश जारी किया था कि पटाखा दुकान कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बनाई जाएंगी। इसकी जगह टिन शेड होना चाहिए। एक दुकान से दूसरे दुकान की दूरी भी कम से कम तीन मीटर होनी चाहिए।

दुकानें आमने-सामने भी नहीं बनाई जानी थीं। इसके अलावा बिजली की व्यवस्था को लेकर भी निर्देश थे। पटाखा बाजार में इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। पटाखा दुकान में टीन के अंदर दुकान लगनी थी, ताकि आगजनी जैसी घटना हो, तो बगल वाली दुकान तक ना फैले। दुकानदार इस नियमों को खुला उल्लंघन कर रहे हैं। टीन से बाहर पट्टा लगाकर फैला दिया है। कपड़ों का उपयोग नहीं करना था फिर भी टेंट लगा दिया गया है।

आग बुझाने के लिए सभी दुकानों में 2 से 3 फायर एक्सटिंगिवीशर रखना था। अधिकांश दुकानों में यह है ही नहीं। यहां एक छोटी बाल्टी में रेत व पानी भरकर रख दिया गया है। पटाखा दुकान लगने के बाद अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने सभी स्टॉल संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए और लौट गए। मिनी स्टेडियम में गाइड लाइन के अनुसार पटाखा दुकानें लगी हैं कि नहीं, आग बुझाने की व्यवस्था है कि नहीं, यह भी नहीं देखा।




# कोरबा मेडिकल कॉलेज को मिली पीजी की मान्यता




**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज कोरबा को पहले बैच के छात्रों की स्नातक की पढ़ाई पूरी होने से पहले ही पीजी कोर्स के लिए मान्यता मिल गई है। शुक्रवार को मान्यता के संबंध में एनएमसी का पत्र मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को मिला।

इतने कम समय और पहले ही प्रयास में पीजी कोर्स की मान्यता प्राप्त करने वाला कोरबा मेडिकल कॉलेज प्रदेश में पहला सरकारी कॉलेज है। इससे पहले सरकारी कॉलेजों को लंबे समय बाद और कई बार के प्रयास में पीजी कोर्स के लिए मान्यता मिली है।

एनएमसी ने ऑनलाइन इंस्पेक्शन के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा मांगे गए 5 विषय में पीडियाट्रिक को छोड़कर मेडि?सन, सर्जरी, गायनिक, व एनेस्थीसिया विषय के लिए 14 सीट एलॉट कर दी है। पीडियाट्रिक के लिए 2 सीट की मान्यता मांगी थी। मान्यता मिलने के बाद अब आगे पीजी नीट काउंसिलिंग होने पर एमबीबीएस (स्नातक) की पढ़ाई कर चुके मेडिकल छात्रों को स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए उक्त सीट का आवंटन किया जाएगा। पीजी कोर्स का फायदा यह होगा कि 14 एमबीबीएस डॉक्टर आगे की पढ़ाई के साथ ही अस्पताल में सेवा भी देंगे, वहीं कोर्स पूरा होने पर विशेषज्ञ मिल जाएंगे। जल्द शुरू होगी पीजी की काउंसिलिंग नीट पीजी की प्रवेश परीक्षा के बाद करीब 2 माह पहले 19 अगस्त को रिजल्ट भी जारी हो चुका है, लेकिन अब तक मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की ओर से नीट पीजी काउंसिलिंग 2025 शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। अब मेडिकल कॉलेजों को पीजी कोर्स के लिए मान्यता के बाद सीट बढ़ गई है। ऐसे में जल्द ही नीट पीजी की काउंसिलिंग की तिथि जारी की जाएगी। काउंसिलिंग 4 चरण में पूरी होगी, जिसमें पहले तीन चरण और एक स्ट्रे राउंड होगी। इसके बाद रैंक के आधार पर छात्रों को पीजी कोर्स के लिए सीट आवंटित की जाएगी।

पीजी कोर्स की मान्यता में सभी की भूमिका- डॉ. कंवर मेडिकल कॉलेज के संयुक्त संचालक डॉ. गोपाल कंवर के मुताबिक पीजी कोर्स की मान्यता के लिए एनएमसी की ओर से कॉलेज में उपलब्ध संसाधन, मैनपावर समेत अन्य तय बिंदुओं का निरीक्षण कर बारीकी से जानकारी ली गई। पहले से तैयारी होने का परिणाम यह रहा कि मेडि?सन समेत सर्जरी, गायनिक, एनेस्थीसिया जैसे अहम कोर्स के लिए पीजी की मान्यता मिल गई। प्रदेश में सबसे कम समय में मान्यता मिलने के पीछे कॉलेज के सभी स्टाफ की भूमिका रही। जिला प्रशासन से भी भरपूर सहयोग मिला।

### माइकल क्लार्क की भविष्यवाणी

# गिल-रोहित नहीं बल्कि कोहली होंगे सर्वश्रेष्ठ बैटर



**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सात महीने के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब केवल वनडे क्रिकेट में खेलेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 19 अक्तूबर से शुरू होगी। इस सीरीज में विराट और रोहित दोनों की वापसी भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है।

**माइकल क्लार्क का अनुमान**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बड़ी भविष्यवाणी की है। उनके अनुसार, इस वनडे सीरीज में विराट कोहली टीम के टॉप रन-स्कोरर होंगे। क्लार्क ने बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट में कहा, मेरी राय में टॉप रन-स्कोरर रोहित शर्मा या विराट कोहली में से कोई होगा। अगर यह उनका आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा है, तो वे इसे शानदार प्रदर्शन के साथ खत्म करना चाहेंगे। नंबर तीन या चार पर बल्लेबाजी करना ऑस्ट्रेलिया में थोड़ा आसान होता है। रोहित ओपनिंग करेंगे, इसलिए मैं विराट कोहली को टॉप स्कोरर मानता हूं। क्लार्क का यह अनुमान दर्शाता है कि विराट का अनुभव और स्थिरता इस दौरे में अहम भूमिका निभाएगी।

हाल ही में शुभमन गिल को वनडे कप्तान बनाया गया, जबकि तिलक वर्मा और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी टीम में अपनी जगह बना रहे हैं।

इसने रोहित और विराट के भविष्य और टीम में उनकी भूमिका को लेकर चर्चा को बढ़ावा दिया है। दोनों दिग्गज खिलाड़ी 2027 आईसीसी वर्ल्ड कप तक क्रमशः 40 और 38साल के होंगे, जिससे उनके लंबे समय तक खेलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# सात्विक-चिराग डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार (17 अक्टूबर, 2025) को डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेन्स डबल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ओडेंसे के जायस्क बैंक एरेना में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग ने इंडोनेशिया की जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत को 65 मिनट में 21-15, 18-21, 21-16 से हराया।

मैच में सात्विक-चिराग ने पहला गेम 17-16 के स्कोर से चार लगातार अंक लेकर 21-15 से जीता। दूसरा गेम कड़ा रहा, जहां इंडोनेशियाई जोड़ी ने 10-4 की बढ़त गंवाने के बाद 17-17 की बराबरी की और गेम 21-18 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआती बराबरी के बाद तेजी से नियंत्रण हासिल किया और लगातार दबाव बनाए रखते हुए जीत सुनिश्चित की।

भारतीय जोड़ी का जापानी जोड़ी के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 4-1 से बेहतर है, जो उन्हें मनोवैज्ञानिक बढ़त देता है। पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता रहने के बाद, सात्विक-चिराग इस BWF सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं।

लक्ष्य सेन का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त

भारत के मेंस सिंगल्स खिलाड़ी लक्ष्य सेन का डेनमार्क ओपन 2025 में सफर क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गया। शुक्रवार को वर्ल्ड नंबर 7 फ्रांस के एलेक्स लानिएर ने लक्ष्य को 44 मिनट में 21-9, 21-14 से हरा दिया। पिछले राउंड में वर्ल्ड नंबर 2 डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराने वाले लक्ष्य इस मैच में शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद वापसी नहीं कर सके। दोनों गेम में वह मध्यांतर पर 11-5 और 11-4 से पीछे थे।

# इंदौर की बहू बनेंगी क्रिकेटर स्मृति मंधाना

**हम जल्द करेंगे शादीः पलाश मुछाल**



**इंदौर।** फिल्म निर्देशक, संगीतकार, लेखक, अभिनेता और गायक पलाश मुछाल ने शुक्रवार को इंदौर में घोषणा की कि वे जल्द ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना के साथ विवाह सूत्र में बंधने जा रहे हैं। पलाश ने मुस्कुराते हुए कहा, ÷स्मृति जल्द ही इंदौर की बहू बनेगी। इंदौर मेरे अंदर बसता है।÷

उन्होंने बताया कि उनकी बरसों से तमन्ना थी कि वे पूरी फिल्म इंदौर में शूट करें, ताकि शहर की खूबसूरत गलियां और स्थान बड़े पर्दे पर नजर आएं।

स्मृति और पलाश, दोनों इंदौर में

पलाश ने बताया कि महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना इस समय इंदौर में चल रहे वीमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही हैं। 19 अक्टूबर को भारत-इंग्लैंड का मैच यहीं खेला जाएगा। पलाश ने कहा कि वे स्टेडियम जाकर भारतीय टीम और स्मृति का मनोबल बढ़ाएंगे।

पलाश मुछाल इन दिनों अपनी नई फिल्म 'राजू बैंड वाला' का निर्देशन कर रहे हैं। यह फिल्म बैंड बजाने वालों के जीवन, संघर्ष और भावनाओं पर आधारित है। इसमें 'पंचायत' फेम चंदन रॉय मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अविका गौर नायिका हैं। फिल्म में कई सितारे कैमियो करेंगे और संगीत जगत के कलाकार बैंड उद्योग को ट्रिब्यूट देंगे। पलाश ने कहा कि वे हमेशा साफ-सुथरी, विषय प्रधान और संदेश देने वाली फिल्में बनाना चाहते हैं।

# सीए की दुल्हन बनेंगी पूर्व इंडियन हॉकी कैप्टन रानी रामपाल



**कुरुक्षेत्र में होगी ग्रैंड शादी, कोच करेंगे कन्यादान, पीएम-सीएम से लेकर बॉलीवुड तक को न्योता**

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रहीं रामपाल चार्टर्ड अकाउंटेंट की रानी बनेंगी। पद्मश्री रानी रामपाल अगले महीने 2 नवंबर को कुरुक्षेत्र के सीए पंकज के साथ शादी के बंधन में बधेंगी। वे कुरुक्षेत्र में हिंदू रीति-रिवाज से अरेंज मैरिज करेंगी। शादी की सभी रस्में रानी रामपाल के कोच रहे बलदेव सिंह निभाएंगे। शाहाबाद के मॉडल टाउन की रहने वालीं रानी रामपाल के घर शादी की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, परिवार के लिए थोड़ी-सी चिंता की लकीर भी है। रानी के पिता रामपाल कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। रानी रामपाल का परिवार, समर्थक, रिश्तेदार और फेन्स उनके पिता के स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## व्यापार

# 'जीएसटी सुधारों को जनता ने बेहतर तरीके से अपनाया', वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी सुधारों को देश की जनता ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। उन्होंने याद किया कि जीएसटी की शुरुआत नवरात्रि के पहले दिन की गई थी, और कहा कि लोगों ने इसे बेहद अच्छे तरीके से अपनाया है।

**जीएसटी सुधारों का टैरिफ युद्ध से कोई लेना-देना नहीं**

सीतारमण ने स्पष्ट किया है कि हाल में लागू किए गए जीएसटी सुधारों का टैरिफ युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सुधार प्रक्रिया पर पिछले डेढ़ साल से काम चल रहा था और यह कदम पहले से तय योजना का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह सुधार पिछले डेढ़ साल से प्रक्रिया में था। उस समय किसी ने टैरिफ युद्ध के बारे में नहीं सोचा था। कई मंत्रियों के समूह इस पर लगातार काम कर रहे थे। सरकार के पैकेज को जीएसटी परिषद को भेजा गया था और परिषद ने इसे संबंधित समूहों के पास विचार के लिए भेजा। इस पर कई स्तरों पर चर्चा हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इसका टैरिफ युद्ध से कोई संबंध नहीं है। यह सुधार लंबे समय से लंबित था और इसे अब लागू किया गया है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जीएसटी सुधारों का असर अब उपभोग और निवेश के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हमारा जीडीपी 335 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें से 202 लाख करोड़ रुपये उपभोग और 98 लाख करोड़ रुपये निवेश का हिस्सा था। जीएसटी सुधारों के चलते इस वर्ष खपत में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की संभावना है, यानी लगभग 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त खपत हो सकती है। वैष्णव ने यह भी बताया कि भारत ने इस वर्ष स्मार्टफोन निर्यात के मामले में अपने पड़ोसी देश को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका को सबसे अधिक निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक कंपनियों का विनिर्माण भारत में हो रहा है। वहीं, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत किया है। पहली तिमाही हमने 7.8 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की।

गोयल ने आगे बताया कि सरकार, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक की नीतियां देश को महंगाई के प्रभाव से बचाने में मदद कर रही हैं। पिछले महीने मुद्रास्फीति दर आठ वर्षों के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर रही। 17-18 साल बाद एसएंडपी ने भारत की रेटिंग एक पायदान ऊपर बढ़ाई और स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा है। उन्होंने ने त्योहारी मांग का उदाहरण देते हुए कहा कि नवरात्रि के पहले आठ दिनों में ही मारुति सुजुकी ने 1.65 लाख कारें बेचीं, जो उपभोग में तेजी का साफ संकेत है।

# भगोड़े मेहुल चोकसी को बड़ा झटका, कोर्ट ने प्रत्यर्पण को दी मंजूरी, आदेश के खिलाफ करेगा अपील





**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले का आरोपी और भगोड़ा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बड़ा झटका लगा है। एंटवर्प कोर्ट ने उसके भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। इस घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने कहा कि भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों की ओर से उसकी गिरफ्तारी वैध थी।

एंटवर्प की एक अदालत ने पिछले दिनों को भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि यह आदेश भारत द्वारा उसके प्रत्यर्पण के मामले को पुख्ता मान्यता प्रदान करता है, क्योंकि चोकसी के पास बेल्जियम की एक उच्च न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है।

**चोकसी को तुरंत भारत नहीं भेजा जाएगा**

एंटवर्प की कोर्ट ने साफ कहा कि भारतीय एजेंसियों की मांग वैध है और बेल्जियम पुलिस की ओर से की गई गिरफ्तारी कानूनी रूप से वैध थी। कोर्ट के फैसले के साथ भारत की एजेंसियां सीबीआई और ईडी को एक बड़ी कानूनी जीत मिली है। हालांकि चोकसी के वकीलों ने कोर्ट में कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ उच्च अदालत में अपील करेंगे। इसलिए फिलहाल चौकसी को तुरंत भारत नहीं भेजा जाएगा।

**कोर्ट ने गिरफ्तारी को वैध करार दिया**



एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा उसकी गिरफ्तारी को वैध करार दिया है। उसके प्रत्यर्पण की दिशा में पहला कानूनी कदम अब स्पष्ट है।÷

बेल्जियम के अभियोजकों को विदेश मंत्रालय और सीबीआई के भारतीय अधिकारियों ने चोकसी द्वारा अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ रुपये का घोटाला करने के कथित अपराध पर मजबूत दलीलें पेश करने में मदद की।

अधिकारियों ने बताया कि अभियोजकों ने अदालत को बताया कि उसके फरार होने का खतरा बना हुआ है और उसे जेल से रिहा नहीं किया जा सकता।

# एशिया कप से बीसीसीआई को करीब 100 करोड़ का फायदा

**बोर्ड को इस साल 6700 करोड़ कमाई की उम्मीद, आईपीएल की ब्रान्ड वैल्यू लगातार दूसरे साल गिरी**



**नई दिल्ली।** एशिया कप जीतने के बाद भारत को भले ही ट्रॉफी नहीं मिली हो, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को इससे करीब 100 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। यह दावा TOI ने एक रिपोर्ट में किया है। भारत ने 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। नाराज नकवी ट्रॉफी और मेडल्स अपने साथ ले लेकर चले गए। ऐसे में भारतीय टीम को बिना ट्रॉफी और मेडल के लौटना पड़ा था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था।

# सोने ने इस साल 35 बार बनाया रिकॉर्ड, वैश्विक बाजार में जल्द छू सकता है 4,500 डॉलर का स्तर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर तनाव और डॉलर पर निर्भरता कम करने के देशों के प्रयासों से सोना लगातार नौवें सप्ताह तेजी के साथ बंद हुआ है। खास बात है कि सोने की कीमतें इस साल 35 से अधिक बार रिकॉर्ड ऊंचाई को छू चुकी हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का अनुमान है कि केंद्रीय बैंकों की खरीदारी, देशों के बीच तनाव और मजबूत एशियाई मांग से विदेशी बाजारों में सोना जल्द 4,500 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है। शुक्रवार को सोना 4,340 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। यह तेज साप्ताहिक बढ़त की ओर अग्रसर है, जो मौजूदा नौ सप्ताह की तेजी में सबसे मजबूत है। दिल्ली बाजार में 1.30 लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पार है। विश्लेषकों के मुताबिक, निवेशकों ने बढ़ती आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित संपत्तियों में निवेश को तवज्जो दी है। इस हफ्ते सोने की कीमतों ने बार-बार नई ऊंचाइयों को छुआ। इसकी वजह अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव व अमेरिकी सरकार के मौजूदा बंद को लेकर चिंताएं थीं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक के चेयरमैन पॉवेल की टिप्पणियों में श्रम बाजार के कमजोर होने के संकेतों की ओर इशारा करने के बाद अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से सोने को और तेजी मिली।

### शासन की इस स्वीकृति को छत्तीसगढ़ के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए माना जा रहा ऐतिहासिक

# चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा निर्णय, पीजी की सीटों की संख्या 377 तक बढ़ी



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य में राज्य सरकार ने चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा निर्णय लिया है, जिसके तहत अब राज्य में शासकीय मेडिकल पीजी सीटों की संख्या 316 से बढ़कर 377 हो गई है। शासन की इस स्वीकृति को छत्तीसगढ़ के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा राज्य के विभिन्न शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस (चिकित्सा स्नातकोत्तर) की 61 नई सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे पीजी सीटों की संख्या में इजाफा के साथ निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के कुल 186 सीटों में अब पीजी की सीटें बढ़कर 377 हो गई है।

आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग शिखा राजपूत तिवारी ने बताया कि इन नई सीटों की स्वीकृति से राज्य के चिकित्सा शिक्षा तंत्र को नई मजबूती मिलेगी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बेहतर विशेषज्ञ सेवाएं जनता तक पहुंच सकेंगी। नई स्वीकृत सीटों में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर में 21 सीटें, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव में 7 सीटें, स्व. बलिराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर में 8 सीटें, स्व. लखी राम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में 12 सीटें तथा स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, कोरबा में 13 सीटें शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक कदम है। नई पीजी सीटों की स्वीकृति से राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक पहुंचेंगी। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**चिकित्सा क्षेत्र होगा गुणवत्तायुक्त आत्मनिर्भर:** राज्य सरकार का मानना है कि इन नई सीटों से न केवल चिकित्सा शिक्षा को बल मिलेगा, बल्कि प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञ सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी। यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और जनसुलभ सेवाओं की दिशा में सरकार के सतत प्रयासों को और गति प्रदान करेगी।

# अंबिकापुर जिले के डॉ. ललित शुक्ला को मिला उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर पुरस्कार

### राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया सम्मानित




## आदि कर्मयोगी अभियान राष्ट्रीय कॉनक्लेव-25 का भव्य आयोजन

**रायपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉनक्लेव 2025 में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के डॉ. ललित शुक्ला को उत्कृष्ट राज्य मास्टर ट्रेनर (आदि कर्मयोगी अभियान) के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

यह सम्मान उन्हें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चलाए जा रहे 'आदि कर्मयोगी अभियान' में उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रशिक्षण एवं जनजातीय नेतृत्व को सशक्त बनाने के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आरंभ किए गए 'आदि कर्मयोगी अभियान' का उद्देश्य भारत में जनजातीय समाज के लिए एक मजबूत, उत्तरदायी और सहभागी शासन प्रणाली विकसित करना है। इसे विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व आंदोलन के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो कैडर आधारित मॉडल और अंतर-विभागीय अभिसरण पर केंद्रित है। इस अभियान के माध्यम से आदिवासी समुदायों के अंतिम छोर तक शासन, योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## » नेनो ब्रीफ

### सीएम साय, मंत्री खुशवंत के गृहप्रवेश कार्यक्रम में हुए शामिल, जन्मदिन की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नवा रायपुर स्थित नवीन शासकीय आवास के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय के धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### जेल से नशा तस्कर बदमाश का जिम करते वीडियो वायरल, जेल अधीक्षक कश्यप निलंबित

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर सेंट्रल जेल में एक कैदी का जिम करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है। आनन-फानन में जेल अधीक्षक संदीप कुमार कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन पर सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में किया गया है।

वीडियो 13 से 15 अक्टूबर के बीच का है, जिसमें एक कैदी जिम करते सेल्फी लेते हुए दिखाई दिए दे रहा है। दरअसल इस वीडियो के आने के बाद जेल के भीतर मोबाइल, फोन और इंटरनेट का खुला उपयोग होने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, वसूली और नशे के नेटवर्क चलाने वाला आरोपी रशीद अली पिछले तीन महीने से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। उसे 11 जुलाई 20 25 को थाना टिकरापारा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत गिरफ्तार किया था। रशीद के खिलाफ 2014 से अब तक हत्या, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धमकी और नशा तस्करी जैसे कई मामले दर्ज है।

# सरस मेला : 17 राज्यों की महिला समूहों ने लिया हिस्सा

### राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित मेले में समूहों ने 60 लाख रूपयों से अधिक का किया विक्रय



**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा 08 से 18 अक्टूबर 2025 तक रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 'सरस मेला 2025' का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की उद्यमिता को एक मंच प्रदान करने का कार्य किया गया है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

रायपुर में आयोजित इस सरस मेले में देशभर के 17 राज्यों के स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम वस्त्र, जैविक उत्पाद, पारंपरिक व्यंजन, गृह उपयोगी सामग्री आदि उत्पादों का 200 से ज्यादा स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। दीवाली पर्व के मद्देनजर समूह द्वारा विशेष रूप से हस्तनिर्मित सामाग्रियों से गिफ्ट हैम्पर भी बनाए गए थे। सभी स्टालों से 10 दिनों में लगभग 60 लाख रूपए से ज्यादा की सामाग्री का विक्रय किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को क्रय करने की अपील को बल प्रदान करता है। जहां स्थानीय महिलाओं द्वारा त्यौहारी सीजन में तैयार किये गए उत्पादों को बहुत अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ। स्वदेशी उत्पादों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक मेले में पहुंचे थे।

सरस मेला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, स्थायी बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें उद्यमिता के नए अवसरों से जोड़ना रहा है। इस आयोजन ने हजारों महिलाओं को न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का मंच दिया, बल्कि उन्हें गौरव और आत्मविश्वास के साथ समाज में खड़ा होने का अवसर भी प्रदान किया है। त्यौहारों के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राज्य भर में स्व सहायता समूहों के द्वारा मेले का आयोजन कर विभिन्न उत्पादों एवं गिफ्ट हैंपरों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया है। जिसमें रायपुर के अतिरिक्त राज्य के समस्त जिलों में कुल 155 स्टॉलों के माध्यम से कुल 15.55 लाख रुपए की सामग्री एवं 14.12 लाख रुपए के दिवाली गिफ्ट हैम्पर का विक्रय किया गया है। इस प्रकार सरस मेले एवं अन्य मेलों के माध्यम से बिहान की दीदीयों के द्वारा दिवाली के अवसर पर लगभग 90.00 लाख रुपए का व्यापार किया गया है।

# नौकायन प्रतियोगिता मे महिलाओं ने दिखाया जौहर



**रायपुर ।** स्वामी विवेकानंद सरोवर (बूढ़ातालाब) में छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड केनोइंग एसोसिएशन और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भारत सरकार की पहल अनुरूप अस्मिता कयाकिंग एंड केनोइंग लीग (नौकायन) महिला प्रतियोगिता का समापन हो हुआ। दो दिवसीय आयोजित इस नौकायन प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ताकत और बुद्धि के इस खेल में महिलाओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस नौकायन प्रतियोगिता में रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग के 50 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। सबसे ज्यादा 25 पदक रायपुर जिला के खिलाड़ियों ने जीता। इसके बाद 20 पदक जगदलपुर के खिलाड़ियों ने, 5 पदक दंतेवाड़ा के 10 पदक बलौदाबाजार के और 5 पदक दुर्ग के खिलाड़ियों ने जीते।

# ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर ई-चालान, जुर्माना नहीं भरे तो जाना होगा कोर्ट

**रायपुर।** त्योहारी सीजन में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रायपुर पुलिस सख्त है। यातायात नियमों को तोड़ने वाले या इसका पालन नहीं करने वालों को तुरंत उनके मोबाइल पर ई-चालान भेज रही है, इताना ही ही 7 दिनों के भीतर जुर्माना ना भरने वालों को 80 दिनों तक जुर्माना भरने की चेतावनी देने के बाद भी जुर्माना ना भरने वालों का केस कोर्ट भेजा जा रहा है। 79 दिन के बाद जुर्माना कोर्ट में जमा होता है। एक साल बाद भी जुर्माना जमा नहीं करने वालों को कोर्ट से समन जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में चालान जमा करने का सिस्टम हाईटेक है। रायपुर में जुर्माने का पैसा कैश में नहीं लिया जाता है। जुर्माना ऑनलाइन, यूपीआई और कार्ड से लिया जा रहा है।



लोगों को ऑनलाइन रसीद या चालान दिया जा रहा है। ई-चालान भी ऑनलाइन होता है। यह कोर्ट और आरटीओ से लिंक है। केस को कोर्ट भेजने की जरूरत नहीं होती है। 80वें दिन केस ऑटोमेटिक कोर्ट में चला जाता है। वहाँ 60 दिनों तक जमा नहीं होने पर संबंधित थाने के कोर्ट जाता है। फिर वहाँ से केस लोक अदालत पहुँच जाता है। इसके बाद भी कोई जुर्माना जमा नहीं करता है तो कोर्ट इसमें सुनवाई करती है। वह समन जारी करती है।

# मोना सेन ने कहा छत्तीसगढ़ के सिनेमा में है असीम संभावनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम की नवनियुक्त अध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन सिनेमा जगत से भी जुड़ी है। मोना सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सिनेमा में असीम संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश भर में विकास के विभिन्न कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कला और संस्कृति के मामले में रचनात्मक और समृद्धशाली भूमि है, यहां सृजन और संवर्धन के लिए अनेक प्रतिभाएं ऐसी हैं, जो देश-प्रदेश से लेकर विदेशों तक अपनी संस्कृति और परंपरा की खुश्बू बिखरे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में फिल्म विकास निगम ऐसी प्रतिभाओं के परिष्कार और प्रगति के लिए सतत रूप से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सिनेमा में निवेश बढ़ने के लिए कॉर्पोरेट फ्रेंडली उपायों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा, ताकि छत्तीसगढ़ के फिल्म निर्माता आर्थिक दबावों से मुक्त होकर अपना काम कर सकें।

# नामजद बदमाश ने की मारपीट, पैर भी चुमवाया



**रायपुर ।** राजधानी में बदमाशों के हौंसले इस कदर बूंलद है कि उन्हें अब पुलिस का जैसे खौंफ ही नहीं रह गया हो। रायपुर में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट करने के साथ युवक से ना केवल माफी मंगवाई बल्कि अपनी पत्नी का पैर भी चुमवाया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद आम लोगों में भी रोष है कि आखिर बदमाशों में पुलिस की दहशत क्यों नहीं है। विक्की नामक एक बदमाश रानू सिंह को बेरहमी से मार रहा है, जो लगातार डंडे और लोहे की रॉड युवक की पिटाई कर रहा है और गाली-गलौज कर रहा है। मिली जानकारी घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू शांतिनगर स्थित शमशान घाट का बताया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय मेयर्स फोरम के जापान दौरे से लौटी महापौर का एयरपोर्ट में हुआ भव्य स्वागत

# वैश्विक फोरम के विचारों को पहनाया जाएगा अमलीजामा



**रायपुर ।** आज राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे का वैश्विक मंच पर रायपुर शहर का जापान के टोयोटा शहर में विगत 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक हुए अंतर्राष्ट्रीय मेयर्स फोरम में प्रतिनिधित्व करने के पश्चात राजधानी शहर रायपुर वापस लौटने पर रायपुर माना के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पहुंचने पर रायपुर नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, स्वजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों ने गजमाला पहनाकर बुके देकर फूलमालाओं से लादते हुए भव्य आत्मीय स्वागत किया। महापौर का माना विमानतल पर पहुंचने पर फूलमालाओं से लादकर बुके प्रदत्त कर स्वजनों ने गाजे बाजे छत्तीसगढ़ी राउत नाचा के मध्य स्वागत किया. महापौर ने सबका अभिवादन स्वीकार किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने विगत दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को अपने जन्मदिवस पर स्वजनों सहित जन्मदिन का केक काटा। महापौर श्रीमती मीनल चौबे दिनांक 16 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय मेयर्स फोरम के तीन दिवसीय वैश्विक आयोजन में रायपुर शहर का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। महापौर श्रीमती मीनल चौबे को नगर निगम मुख्यालय भवन पहुंचने पर नगर निगम एमआईसी सदस्यों,जोन अध्यक्षगणों, पार्षदों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों ने गाजे बाजे के मध्य उन्हें बुके देकर और फूलमालाओं से लादते हुए जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनायें दीं।

### दीवाली पर चतुर्दशी अनुष्ठान महायज्ञ आज

**रायपुर ।** पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर मां धूमावती सिद्धपीठ में रविवार 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी के अवसर पर रात्रि 7 बजे अध्यात्मिक धर्मगुरू पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा मां धूमावती अलक्ष्मी गमन हवन-पूजन, विशिष्ट अनुष्ठान महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, नवगृह कुप्रभाव, सर्वबाधा, शत्रूबाधा, गंभीर संकट, अभाग्य-दुर्भाग्य, कलह-दरिद्रता, अलक्ष्मी असाध्य रोग जैसे समस्याओं के निराकरण कराने वाले धर्मप्रेमी एवं भक्तगण आयोजन में भाग लेकर लाभ उठा सकेंगे।

# एनआईटी ने दी सफाई मित्रों को श्रमिक हितेषी योजना की जानकारी




**रायपुर ।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता को लेकर एनआईटी की टीम में डॉक्टर सौम्या अग्रवाल एवं शिक्षकों का दल रायपुर नगर पालिक निगम के अग्रसेन चौक के पास स्थित जोन 7 कार्यालय पहुंचा, जहां उनका जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू ने आत्मीय स्वागत किया। एनआईटी की टीम के विशेषज्ञ शिक्षकों ने नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग के 30 सफाई मित्रों को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूक बनाया। उन्हें जीवन में स्वस्थ और सुरक्षित रहने सुरक्षा उपकरणों का सदुपयोग करने, हेलमेट पहनने की अपील की। एनआईटी की डॉक्टर सौम्या अग्रवाल ने दी जानकारी।

**स्वामी- विजय कुमार दास** के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **सूर्य कुमार राय** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड प्लाट नं. - 40/44 इंडस्ट्रियल एरिया, बीरगांव, उरला, रायपुर, छ.ग. से मुद्रित एवं फ्लैट नं. - 102, श्रीजी हाईट्स, सिविल लाईन्स रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित 492001। **कार्यकारी संपादक: सूर्य कुमार राय**
मो. नं. 7580987777, **समाचार संपादक: सुभाष श्रीवास्तव** * मो. नं. 7898114661, **प्रबंध संपादक: पृथ्विजय कुमार दास**, (RNI No. CHHHIN/1998/00001) चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार, **स्थानीय संपादक: पीयूष मिश्रा** * मो. नं. 9229629214, **संपादक-विजय कुमार दास**
E-mail: raipurrashtriyahindimail@gmail.com, lifeindiamedia@gmail.com,(रिलीज आर्डर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें: raipurrashtriyahindimail@gmail.com पर संपर्क करें।)